• जयपुर, गुरुवार 6 अगस्त 26 • वर्ष 15 • अंक 279 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान



जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संतों और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का चलाया जा रहा है अभियानः भजनलाल शर्मा

# गुरु रविदास ने समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कियाः भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

## संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश 'जाति-पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई' सामाजिक समरसता का मूल मंत्रः लाल सिंह आर्य









जयपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में आयोजित समरसता संकल्प अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ बुधवार को जयपुर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, समरसता संकल्प अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, दिया कुमारी, अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी सहित संत-महात्माओं और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाए गए पावन रज कलश रथयात्रा राजस्थान की सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए रवाना किये। अभियान के अंतर्गत ये रथ प्रत्येक लोकसभा, विधानसभा, मंडल और गांव-ढाणी तक पहुंचकर सामाजिक समरसता, समानता और संत रविदास के विचारों का संदेश देंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव राष्ट्र और समाज को दिशा देने का कार्य किया है। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संतों और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से गुरु रविदास की पावन रज के कलश प्रदेश के 1138 मंडलों और गांवों तक पहुंचेंगे, जहां उनके जीवन और संदेश से समाज को प्रेरित किया जाएगा।

### संत रविदास ने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान दृष्टि से देखने और कर्म को सर्वोपरि मानने का संदेशः मदन राठौड़

### संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में उनकी जन्मस्थली से लाए गए पावन रज कलश रथयात्रा को प्रदेश की 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए सीएम, भाजपा पदाधिकारियों और संतों ने किया रवाना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति जाति-पाति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण की भावना है। संत रविदास द्वारा प्रतिपादित 'बेगमपुरा' की कल्पना समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित समाज का आदर्श प्रस्तुत करती है। राजस्थान का संत रविदास से ऐतिहासिक संबंध रहा है और चित्तौड़गढ़ में विकसित किया गया पैनोरमा नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं का आ''ान करते हुए कहा कि वे संत रविदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लाल सिंह आर्य ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई से किया गया है, जो 20 फरवरी तक पांच चरणों में संचालित होगा। अभियान के तहत गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पावन रज के कलश राजस्थान के प्रत्येक जिले, लोकसभा, विधानसभा, मंडल और गांव-ढाणी तक पहुंचेंगे। इस दौरान समरसता संकल्प यात्राएं, संत सम्मान कार्यक्रम, छात्र संवाद और सामाजिक जागरण के विविध आयोजन किए जाएंगे, ताकि संत रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

आर्य ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से कर्मप्रधान समाज, समानता और मानवता का संदेश दिया। संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश ₹जाति-पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई₹ सामाजिक समरसता का मूल मंत्र है, जो समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ का संदेश आत्मशुद्धि, सदाचार और सेवा भाव का प्रतीक है तथा आज भी समाज को समानता, भाईचारे और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने लगभग 650 वर्ष पूर्व समाज को समरसता, समानता और कर्मप्रधान जीवन का संदेश दिया था। बचपन में विद्यालय में गुरु रविदास के दोहे पढ़ाए जाते थे, जिनसे समाज में सेवा, समर्पण और भक्ति की भावना का संस्कार मिलता था। उन्होंने संत रविदास की वाणी ₹प्रभु जी चंदन हम पानी, प्रभु जी तुम दीपक हम बाती₹ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भक्ति, विनम्रता और ईश्वर के प्रति समर्पण का अद्भुत संदेश है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की संत परंपरा, महापुरुषों और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का व्यापक कार्य किया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि संत रविदास ने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान दृष्टि से देखने और कर्म को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में निकलने वाले रथ सामाजिक समरसता, सद्भाव और एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समरसता का वास्तविक अर्थ दूसरे के सम्मान में अपना सम्मान देखना है तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सुशासन का उद्देश्य है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि संत रविदास के आदर्श आज भी समाज को समानता, सद्भाव और आत्मीयता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाकर संत रविदास के सिद्धांतों को जनजीवन में उतारने का आ''ान किया। अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि यह अभियान प्रदेशभर में सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रथ एक दिन प्रवास करेगा और स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, कैलाश मेघवाल, डॉ मिथिलेश गौतम, विधायक अनिता भदेल, प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निहालचंद मेघवाल मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए पदाधिकारी, मंत्री मंडल के सदस्य, समरसता कार्यक्रम के लोकसभा स्तर के प्रभारी, जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज़ अपडेट

## पीएम मोदी की 37 नए सांसदों से नाश्ते पर मुलाकात, बोले- मिलकर करें काम, सदन की कार्यवाही में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी के नए 37 सांसदों के लिए नाश्ते पर एक बैठक आयोजित की। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सदन में मौजूदगी बढ़ाने और सदन के कामकाज में बढ़-चढ×कर हिस्सा लेने की सलाह दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुलाकात करने वाले सांसदों में नितिन नवीन, सुष्मिता देव, राजेंद्र गुप्ता, राहुल सिंह, स्वाति मालीवाल, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी और अन्य शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों से कहा कि वे सदन में ज्यादा वक्त गुजारें। सभी से सीखें चाहे वह पक्ष के सदस्य हों या विपक्ष के सदस्य हों। पीएम मोदी ने सलाह दी कि सभी सांसद मिल-जुलकर कम करें। इससे पहले, मंगलवार को भाजपा नीत एनडीए की संसदीय दल की बैठक हुई। संसद लाइब्रेरी बिल्डिंग के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। भाजपा सांसद हेमंग जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एनडीए संसदीय दल की मंगल मिलन बैठक कई नई बातों की जानकारी देने वाली रही। वहीं, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया ने पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन में आयोजित एनडीए नेताओं के साथ मंगल मिलन कार्यक्रम में सहभागिता की।

# सोनम वांगचुक की अपील पर देवेंद्र महतो ने खत्म की भूख हड़ताल

रांची/एजेंसी।

## लाइव बातचीत में मिला रांची आने का भरोसा





झारखंड की राजधानी रांची में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में हुई धांधली को लेकर चल रहा युवाओं का संग्राम अब एक बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में न्याय की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो की जिद के बीच आखिरकार देश के जाने-माने शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दखल देना पड़ा। वांगचुक के एक खास फोन कॉल ने रांची के इस पूरे आंदोलन की दिशा तय कर दी है, जिसके बाद अनशनकारी देवेंद्र ने एक अहम फैसला लिया है।

### ● सोनम वांगचुक ने फोन पर दी गांधी जी की मिसाल

जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो पिछले कई दिनों से अन्न-जल त्यागकर भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनकी अटल जिद थी कि जब तक सोनम वांगचुक खुद रांची आकर उनसे मुलाकात नहीं करते, तब तक वह अपना अनशन नहीं तोड़ेंगे। आंदोलनकारी की बिगड़ती सेहत और गंभीरता को देखते हुए सोनम वांगचुक ने खुद देवेंद्र महतो से फोन पर सीधा संपर्क साधा। बातचीत के दौरान वांगचुक ने उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए समझाया कि अनशन का असली मकसद खुद को शारीरिक नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि गहरी नींद में सोई हुई सत्ता और अंधी सरकार को जगाना होता है। उन्होंने महतो से अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील करते हुए तुरंत शहद और नींबू पानी लेने का आग्रह किया।

### ● रांची आने का मिला पक्का आश्वासन, तब जाकर पिया पानी

फोन पर हुई इस लंबी बातचीत के दौरान देवेंद्र महतो ने सोनम वांगचुक के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने अपनी यह दिली ख्वाहिश भी जाहिर की कि वह वांगचुक की मौजूदगी में ही अपना जल ग्रहण करना चाहते हैं। देवेंद्र के इस अटूट विश्वास को देखते हुए वांगचुक ने उन्हें पक्का आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस छात्र आंदोलन का खुला समर्थन करने के लिए खुद रांची पहुंचेंगे। वांगचुक ने बड़े ही प्यार से समझाया कि अगर शरीर में पानी और नमक की कमी हो गई, तो इस लंबी लड़ाई में टिक पाना असंभव हो जाएगा। उनके लगातार समझाने और रांची आने के वादे के बाद आखिरकार देवेंद्र महतो का दिल पसीज गया और उन्होंने पानी ग्रहण कर लिया।

### ● परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ डटे हैं हजारों परीक्षार्थी

आपको बता दें कि रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में यह पूरा धरना-प्रदर्शन जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल समेत राज्य स्तरीय अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित बड़े पैमाने की धांधली और अनियमितताओं के विरोध में चल रहा है। प्रदेश भर के हजारों परीक्षार्थी अपने भविष्य को बचाने के लिए कड़ाके की धूप और बारिश के बीच लंबे समय से यहां डटे हुए हैं और सरकार से पारदर्शी जांच की गुहार लगा रहे हैं। अब इस ऐतिहासिक आंदोलन में सोनम वांगचुक का नैतिक समर्थन मिलने के बाद मैदान में डटे छात्रों का हौसला और भी ज्यादा बुलंद हो गया है।

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद अमरनाथ यात्रा रोकी

## आर्टिकल 370 हटने की बरसी पर कश्मीर में सुरक्षा चाक-चौबंद



श्रीनगर/एजेंसी।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं बरसी के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियात के तौर पर बुधवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए रोक दी गई। हालांकि प्रशासन ने यात्रा स्थगित करने की कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई है, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार सुबह जम्मू आधार शिविर से किसी भी नए श्रद्धालु जत्थे को पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) आधार शिविरों के लिए रवाना होने की अनुमति नहीं दी गई। इसके साथ ही जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों के काफिलों की आवाजाही भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। अधिकारियों का कहना है कि ऐसा कदम आमतौर पर तब उठाया जाता है, जब सुरक्षा एजेंसियां इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवाजाही सीमित रखना चाहती हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोडऩे वाला प्रमुख सर्वकालिक मार्ग है।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ से पहले जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। पीडीपी, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने 5 अगस्त को अलग-अलग विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है।

प्रशासन ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। सीमावर्ती इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीआरपीएफ ने रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया, जबकि कुलगाम पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की तलाशी और पहचान-पत्रों की जांच तेज कर दी है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, 5 अगस्त के मद्देनजर आतंकी संगठन अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए किसी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश पूजन के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया जेडीए का 45वां स्थापना दिवस

- जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने किया नवनिर्मित वीसी रूम का लोकार्पण, जनहित व सुशासन को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता
- आधुनिक तकनीक से प्रशासनिक कार्यों में बढ़ेगी दक्षता, पारदर्शिता और त्वरित निर्णय प्रक्रिया
- अधिकारियों-कर्मचारियों से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)**जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) का 45वां स्थापना दिवस बुधवार को जेडीए मुख्यालय में श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुर विकास आयुक्त (जेडीसी) सिद्धार्थ महाजन ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर किया। उन्होंने जेडीए परिवार की सुख-समृद्धि, निरंतर प्रगति तथा जनसेवा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने की कामना की।इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा, जेडीए सचिव गौरव सैनी सहित प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जेडीसी ने नागरिक सेवा केंद्र भवन के बेसमेंट में नवनिर्मित वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) रूम का लोकार्पण भी किया।इस अवसर पर जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने कहा कि आधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा। इससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा नागरिकों को बेहतर, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि जेडीए का उद्देश्य केवल आधारभूत विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप सुशासन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करना भी उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।महाजन ने जेडीए की 45 वर्षों की विकास यात्रा को उल्लेखनीय बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी कार्मिकों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने का आ''ान किया, ताकि जयपुर के सुनियोजित, आधुनिक एवं सतत विकास की दिशा में जेडीए की भूमिका और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बन सके।

### फर्जी पट्टा बनाकर भूखंड बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- जयपुर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जेडीए के दलाल व संविदाकर्मी गिरफ्तार
- मूल पट्टा चोरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में अब तक सात आरोपी गिरफ्त में, अन्य की तलाश जारी



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)**जयपुर ग्रामीण पुलिस ने जेडीए की आवासीय योजना के भूखंड का मूल पट्टा चोरी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिक्री करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए जेडीए के एक दलाल और एक संविदाकर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि रेनवाल मांजी स्थित जेडीए आवासीय योजना में आवंटित भूखंड का मूल पट्टा रिकॉर्ड से चोरी कर फर्जी रजिस्ट्री और दस्तावेज तैयार कर भूखंड बेचने की साजिश रची गई थी।
उन्होंने बताया कि इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि जेडीए के रिकॉर्ड से मूल पट्टा चोरी कराने में जेडीए के दलाल संजय धानका तथा संविदाकर्मी रतन सिंह गुर्जर की मिलीभगत थी। दोनों को 3 अगस्त को जयपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूखंड का अवैध हस्तांतरण एवं विक्रय कराया। प्रकरण की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा (आरपीएस) के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी फागी अनिल कुमार डोरिया (आरपीएस) के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है तथा अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है।

15 दिन से आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेता की सेहत को देखते हुए लिया निर्णय

# छात्रसंघ चुनाव पर सियासत तेज: अशोक गहलोत ने शुभम रेवाड़ का जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन

चमकता राजस्थान

जयपुर।( खलील कुरैशी) राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने और राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) में पृथक छात्र कल्याण विभाग की स्थापना की मांग को लेकर 15 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेता शुभम रेवाड़ का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अस्पताल पहुंचकर जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद रहे।अशोक गहलोत ने चिकित्सकों



से शुभम रेवाड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली और कहा कि छात्रों की मांग अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी भी छात्र का जीवन उससे कहीं अधिक मूल्यवान है। उन्होंने रेवाड़ से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अनशन समाप्त करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।गहलोत ने कहा कि राजस्थान के लाखों छात्र-छात्राएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्रसंघ चुनाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार बिना किसी ठोस कारण के इस पर निर्णय नहीं ले रही है। उन्होंने सरकार से छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने की आधिकारिक घोषणा करने की मांग करते हुए कहा कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ हो चुका है, ऐसे में राजस्थान सरकार को भी सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं, शुभम रेवाड़ ने स्पष्ट किया कि अनशन समाप्त हुआ है, लेकिन छात्रहितों से जुड़े मुद्दों पर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### सरकार से छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग दोहराई

## पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़: ग्राम विकास अधिकारी 4,500 रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

- एसपी पी.डी. नित्या के सुपरवीजन एवं एएसपी नरेन्द्र कुमार के निर्देशन में कार्रवाई,
- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू

### एसीबी बाड़मेर की ट्रैप कार्रवाई; तीसरी किश्त जारी कराने के लिए जिओ-टैगिंग के नाम पर मांगी थी रिश्वत

चमकता राजस्थान

जयपुर/बाड़मेर। (खलील कुरैशी)भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बालोतरा जिले की ग्राम पंचायत जूनाखेड़ा (पंचायत समिति धोरीमन्ना) की ग्राम विकास अधिकारी सुश्री सपना कुमारी को 4,500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपिता ने लाभार्थी की तीस-री किश्त की राशि जारी कराने के लिए आवश्यक जिओ-टैगिंग फोटोग्राफ ऑनलाइन अपलोड करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी।एसीबी मुख्यालय, जयपुर के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के अनुसार परिवादी की पत्नी के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवास की तीसरी किश्त 60 हजार रुपये पारित कराने के लिए आरोपिता ने 4,500 रुपये की अवैध राशि की मांग की। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई।निर्धारित योजना के अनुसार एसीबी की टीम ने धोरीमन्ना कस्बे



के भादू मार्केट स्थित आरोपिता के किराये के आवास पर कार्रवाई करते हुए उसे परिवादी से 4,500 रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान रिश्वत की पूरी राशि भी बरामद कर ली गई।
यह कार्रवाई एसीबी रेंज जोधपुर की पुलिस अधीक्षक पी.डी. नित्या (आईपीएस) के सुपरवीजन तथा एसीबी बाड़मेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार के निर्देशन में निरीक्षक देवाराम चौधरी एवं उनकी टीम ने अंजाम दी।एसीबी ने आरोपिता से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। ब्यूरो ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के विरुद्ध उसकी कार्रवाई आगे भी इसी कठोरता से जारी रहेगी।

## अयोध्या के राम दरबार में खत्म हुआ वीआईपी पास सिस्टम कतार से ही होंगे दर्शन

**अयोध्या/एजेंसी।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर में राम दरबार दर्शन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब राम दरबार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को अलग से विशेष पास बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी।
नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु पहले सामान्य दर्शन कतार से रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सीधे मंदिर की प्रथम मंजिल पर स्थित राम दरबार के दर्शन भी कर सकेंगे। इसके लिए किसी अतिरिक्त अनुमति या विशेष पास की जरूरत नहीं होगी।
अब तक राम दरबार के दर्शन सीमित संख्या में जारी किए जाने वाले विशेष पास के माध्यम से कराए जाते थे। इस व्यवस्था के कारण सभी श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर नहीं मिल पाता था।
राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विशेष पास व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। ट्रस्ट का कहना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य दर्शन प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के रामलला और राम दरबार के दर्शन का लाभ उठा सकें।

## विपक्षी सांसदों ने संसद में गांधी की प्रतिमा से मकर द्वार तक निकाला मार्च, गृह मंत्री से सदन में जवाब देने की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड×गे और विपक्ष के अन्य सांसदों ने 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में हेराफेरी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पत्रकारों से कहा कि लोकतंत्र में सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों की जनता के प्रति जवाबदेही होती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों पर गोलियां चलाई गईं, पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ, आंसू गैस छोड़ी गई या लाठीचार्ज किया गया है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और निर्णय लेने वालों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है, किसी का शाही दरबार नहीं, इसलिए सरकार को इन घटनाओं पर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद चर्चा का मंच है और किसी भी मुद्दे का समाधान संवाद से ही निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चर्चा से बचती है तो यह संसद और लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है। खड×गे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने के बजाय उन्हें राम विरोधी और राष्ट्र विरोधी बताने की कोशिश कर रही है।
राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चढ़ावे संबंधी विवाद को लेकर खड×गे ने कहा कि विपक्ष भगवान राम का विरोध नहीं कर रहा बल्कि यह जानना चाहता है कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे, सोने-चांदी और अन्य चढ़ावे का उपयोग किस प्रकार किया गया। उन्होंने ट्रस्ट से जुड़ी कथित भूमि अनियमितताओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यदि विपक्ष भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग करता है तो उसे राष्ट्र-विरोधी करार देना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार पर स्वतंत्र विचारों को दबाने और राजनीतिक विरोध को राष्ट्रवाद से जोड़ने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विरोध मार्च की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा से इसलिए की गई ताकि सरकार गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करे। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल की घटनाओं में प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया गया। सरकार को यह बताना चाहिए कि लाठीचार्ज क्यों किया गया, नुकीली लाठियों का इस्तेमाल क्यों हुआ और पैलेट गन क्यों चलाए गए। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर निर्माण से जुड़े चढ़ावे में अनियमितताओं के आरोप नए नहीं हैं बल्कि निर्माण कार्य शुरू होने के समय से ही इस तरह के सवाल उठते रहे हैं।

## श्री बालाजी झूँझार जी धाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया लहरिया उत्सव

### सैकड़ों महिलाओं की भक्तिमय सहभागिता, प्रधान सेविका उर्मिला पारीक का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया

- सेवा समिति की बैठक में जनसेवा के कार्यों की समीक्षा,
- धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सेवा की भावना को करते हैं सशक्तः- हंसा राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।( खलील कुरैशी)** राणा प्रताप नगर, झोटवाड़ा स्थित श्री बालाजी झूँझार जी धाम में गुरुवार को लहरिया उत्सव श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में उपस्थित होकर भजन-कीर्तन, मंगलगीत एवं धार्मिक उत्सव के माध्यम



से भक्तिमय वातावरण का सृजन किया। पूरा धाम जयकारों और आध्यात्मिक उल्लास से गुंजायमान रहा।उत्सव के शुभ अवसर पर धाम की प्रधान सेविका उर्मिला पारीक का जन्मदिन भी श्रद्धापूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक संस्कृति का संदेश दिया।इसी अवसर पर श्री बालाजी झूँझार जी महाराज सेवा समिति की बैठक भी उर्मिला पारीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के संरक्षण में संचालित जनहित एवं समाजसेवा के कार्यों की समीक्षा की गई तथा भविष्य में धार्मिक, सामाजिक और सेवा गतिविधियों को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर हंसा राठौड़ ने कहा कि लहरिया उत्सव केवल एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम के अंत में संचालन कर रहे महाराज के भक्त नरेन्द्र सिसोदिया ने सभी श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह, सहयोग और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता के संदेश से ओतप्रोत इस आयोजन ने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का समापन ₹जय श्री बालाजी₹ एवं ₹जय श्री झूँझार जी महाराज₹ के जयघोष के साथ हुआ।

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की नियमित निगरानी, प्रभाव आकलन और पारदर्शी संचालन के दिए निर्देश

## आरयूआईडीपी परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर: मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (फ्वक्ळ्ढ) प्रदेश की महत्वपूर्ण परियोजना है। इसका उद्देश्य विकसित शहरी आधारभूत सुविधाओं का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाना है। इसके लिए परियोजनाओं की गुणवत्ता, नियमित निगरानी और प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।शासन सचिवालय



में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने आरयूआईडीपी के तृतीय, चतुर्थ एवं प्रस्तावित पंचम चरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 84 शहरों में जलापूर्ति, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी बाढ़ प्रबंधन, विरासत संरक्षण एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- **मुख्य सचिव के प्रमुख निर्देश**

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।परियोजनाओं की प्रभाव आकलन रिपोर्ट समयबद्ध रूप से तैयार कर प्रकाशित की जाए।सभी परियोजनाओं की उपलब्धियों का सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण एवं अभिलेखीकरण किया जाए। स्थानीय निकाय विकसित परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को पूर्ण लाभ मिल सके।बा' सहायता प्राप्त परियोजनाओं के निरीक्षण, मूल्यांकन और प्रगति से जुड़े अभिलेख अद्यतन रखे जाएं।आरयूआईडीपी की वेबसाइट को अधिक उपयोगी, अद्यतन और पारदर्शी बनाया जाए तथा विभिन्न शहरों की सफल परियोजनाओं और उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए।बैठक में पंचम चरण के अंतर्गत जयपुर शहर में 2233 करोड़ रुपये के निवेश सहित प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सुझाव दिए, जिन पर मुख्य सचिव ने त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी स्वर्गीय देवराज सिंह पलाड़ा के परिवार एवं समाज की न्यायोचित मांगों पर मौखिक सहमति



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** यूजीसी आंदोलन के दौरान संघर्ष में शहीद हुए रावणा राजपूत समाज के स्वर्गीय देवराज सिंह पलाड़ा के परिवार एवं समाज की न्यायोचित मांगों को लेकर गठित समिति के सदस्य बंधुओं के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दुरभाष पर बात कर के समाज की भावनाओं एवं मांगों से उन्हें अवगत कराया।

इस अवसर पर रावणा राजपूत समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमारी मांगों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए मौखिक सहमति प्रदान कर दी है

इस महत्वपूर्ण विषय में समाज की भावनाओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने एवं सकारात्मक संवाद स्थापित करने में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका और मध्यस्थता के लिए समाज उनका हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है

यह सकारात्मक पहल समाज के विश्वास, एकजुटता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित होगी। समाज के हित, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमारा प्रयास निरंतर इसी प्रकार जारी रहेगा। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना,व्यवसायी भँवर सिंह पलाडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे !

### भारत आ रहा किम कार्दशियन का ब्रांड 'स्किम्स', दिल्ली-मुंबई में खुलेंगे पहले स्टोर

**चमकता राजस्थान/मुंबई।** किम कार्दशियन का फैशन ब्रांड 'स्किम्स' भारत में कदम रखने जा रहा है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड ने स्किम्स के साथ विशेष साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत भारत में ब्रांड के पहले स्टोर दिल्ली और मुंबई में खोले जाएंगे। रिलायंस ब्रांड्स देश में इसके स्टोर और डिजिटल कारोबार का संचालन करेगी।

किम कार्दशियन और जेंस ग्रेड ने 2019 में स्किम्स की शुरुआत की थी। यह ब्रांड महिलाओं के अंडरवियर, शेपवियर और आरामदायक परिधानों के लिए जाना जाता है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की डायरेक्टर, ईशा अंबानी ने कहा, ''स्किम्स ने शेप, कंफर्ट और इनक्लूसिविटी के बारे में दुनिया की सोच बदल दी है। यह सीधे तौर पर भारतीय ग्राहकों की नई पीढ़ी से जुड़ता है, जो ऐसा फ़ैशन चाहते हैं जो उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हो और खास तौर पर उनके लिए बना हो। हमें भारत में स्किम्स को लाने पर गर्व है।''स्किम्स की सह-संस्थापक और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर किम कार्दशियन ने कहा कि ब्रांड इस सोच पर बनाया गया है कि हर व्यक्ति अपने कपड़ों में सहज और आत्मविश्वासी महसूस करे। उन्होंने भारतीय ग्राहकों से मिले उत्साह पर खुशी जताई। भारत में स्किम्स का विस्तार चरणबद्ध तरीके से होगा। दिल्ली और मुंबई से शुरुआत के बाद इसके स्टोर और डिजिटल मौजूदगी दूसरे शहरों तक बढ़ाई जाएगी।

### बागडोली की सड़क के लिए 1.20 करोड़ स्वीकृत, गांववासियों में खुशी



**चमकता राजस्थान/रिपोर्टर सूरज मल वैष्णव/बौली।** उपखंड की ग्राम पंचायत बागडोली की करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क लंबे समय से जर्जर और कीचड़ से भरी पड़ी थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा और बोली प्रधान कृष्ण पोसवाल के प्रयासों से राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सड़क निर्माण को स्वीकृति दे दी है। सड़क के लिए कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद आज भाजपा बोली मंडल के उपाध्यक्ष महावीर सिंह नाथावत , बामनवास पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बोली प्रधान कृष्ण पोसवाल का भी सम्मान किया। इस मौके पर राजेंद्र मीणा ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क का निर्माण कार्य तुरंत शुरू करवा दिया जाएगा। इससे बागडोली और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। सड़क स्वीकृत होने की खबर मिलते ही पूरे गांव में खुशी की लहर है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और नारेबाजी कर खुशी प्रकट की है।

# गुरु रविदास जी के समता और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा समरसता संकल्प अभियान: दिया कुमारी

चमकता राजस्थान






**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय समरसता संकल्प अभियान में भाग लिया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य की उपस्थिति में पूज्य संतों के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश की प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के लिए समरसता रथों को रवाना किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और मानव सेवा का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी के विचार आज भी समाज को समानता, आत्मीयता और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि समरसता संकल्प अभियान गुरु रविदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज में भाईचारा और समान अवसर की भावना को और अधिक मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन हमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर सेवा, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और समान अवसर पहुंचाना ही उनके विचारों का मूल संदेश है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ जी, उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा जी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री अजेय कुमार जी, कार्यक्रम प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री श्री भूपेंद्र सैनी जी, विधायक श्रीमती अनीता भदेल जी, प्रदेश महामंत्री श्री कैलाश मेघवाल जी, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री निहालचंद मेघवाल जी, पूर्व विधायक श्रीमती चंद्रकांता मेघवाल जी, पूर्व विधायक श्री जगसीराम कोली जी, प्रदेश मंत्री श्री सीताराम पोसवाल जी, मंत्रीगण, विधायकगण, सांसदगण, जनप्रतिनिधिगण, मोर्चों के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीनगर थाना में सीएलजी की बैठक में अजमेर एसपी ने सूनी समशाए





चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर। बैठक में सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को विस्तार से रखा। सदस्यों ने श्रीनगर कस्बे की कानून-व्यवस्था, यातायात, सड़क सुरक्षा एवं जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया।

» खेड़ा चौराहे पर पुलिया निर्माण से बिगड़ी यातायात व्यवस्था उठी बैठक में

बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने श्रीनगर के खेड़ा चौराहे पर पुलिया निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न हो रही यातायात अव्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने तत्काल यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस कांस्टेबलों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

» सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए वैकल्पिक मार्ग की उठी मांग

सीएलजी सदस्य वीरेंद्र मिश्रा ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग विकसित कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण के चलते मरीजों और एम्बुलेंस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसपी ने संबंधिभारी पुरखाराम चौधरी सहित पुलिस अधिकारी, जवान एवं बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना रहा।

» श्रीनगर थाने में पहली बार आगमन पर एसपी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

बैठक से पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक के श्रीनगर थाने में प्रथम आगमन पर थाना पुलिस के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं सीएलजी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर बैठक की शुरुआत की।

» सीएलजी सदस्यों ने रखीं क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं

बैठक में सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को विस्तार से रखा। सदस्यों ने श्रीनगर कस्बे की कानून-व्यवस्था, यातायात, सड़क सुरक्षा एवं जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया।

» खेड़ा चौराहे पर पुलिया निर्माण से बिगड़ी यातायात व्यवस्था उठी बैठक में

बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने श्रीनगर के खेड़ा चौराहे पर पुलिया निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न हो रही यातायात अव्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने तत्काल यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस कांस्टेबलों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

### चौधरी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति में हुए शामिल

**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर।** अजमेर-भारतीय जनता किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के अनुशंसा के बाद किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई।भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष नंदाराम चौधरी को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है।



नंदाराम चौधरी जिला परिषद सदस्य रहे हैं जिला परिषद में शिक्षा समिति के अध्यक्ष रहे हैं भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता को प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश कार्यसमिति में शामिल करने पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राठौड़, भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं किसान मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री डॉ दशरथ सिंह सकराय, किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष श्रवन व्यास,मूलचंद रायका,शैतान सिंह रावत, सरपंच जगपाल सिंह गोविंदगढ़,कान सिंह लेसवा,कैलाश चौधरी,राजेन्द्र ओझा, महेंद्र सिंह बुबानी, कपिल व्यास,पुष्कर नारायण भाटी,पन्ना सिंह रावत,रामदेव सिंह रावत,भानु प्रताप सिंह,पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैयालाल कुमावत,मनीष पारीक ने बधाई दी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी सहित भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है

### ढाणा मोड़ शिव मंदिर में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

● 9 फीट ऊंची आदियोगी मूर्ति भी होगी स्थापित

**चमकता राजस्थान/पिनगवां (नरेन्द्र तिलकपुर)।** कस्बे के ढाणा मोड़ स्थित हरचन्द दास महाराज आश्रम श्री शिव मंदिर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 7 दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना है।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अगस्त 2026, सोमवार को प्रातः 07:15 बजे कलश यात्रा एवं नगर परिक्रमा के साथ होगा। कलश यात्रा हरचन्द दास महाराज आश्रम शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। इस दौरान तिलकपुर धाम आश्रम पीठाश्वर महंत बालक दास मौजूद रहेगें।

इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक शिव महापुराण की कथा का वाचन किया जाएगा। कथा व्यास के रूप में वृंदावन की हरि हर प्रचार समिति के अध्यक्ष श्री संत पंडित गिरधारी जी महाराज विराजमान होंगे। उनके श्रीमुख से भक्त शिव महापुराण की कथा का अमृतपान करेंगे।

## ईडब्ल्यूएस वर्ग को पंचायत एवं निकाय चुनावों में आरक्षण देने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान



**धौलपुर ब्यूरो चीफ :रामदास तरुण।** पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण का लाभ सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को विप्र महासभा, धौलपुर के जिला अध्यक्ष प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को संविधान के प्रावधानों के अनुरूप आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हो सके। ज्ञापन में कहा गया कि ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण दिए जाने से सामाजिक न्याय की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित होगी। विप्र महासभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत तिवारी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पंचायत एवं निकाय चुनावों में आरक्षण मिलना समय की आवश्यकता है। इससे समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्थानीय शासन व्यवस्था में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा और उनकी भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकार रनीश तिवारी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिओम शर्मा, गिरीश शर्मा, ऋषिकेश भारद्वाज, नीतेश मुद्गल, राजू शर्मा, मोंटी तिवारी, विनोद शर्मा, रोहित परमार, विनय ब्राह्मण, हरेंद्र शर्मा, मोनू शर्मा, सोनू शर्मा सहित विप्र समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।सभी ने एक स्वर में पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को आरक्षण का लाभ प्रदान करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।

### लंबित राजस्व प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण करें: एडीएम अरविंद शर्मा



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम शर्मा ने नामांतरण, रास्ता प्रकरण, अतिक्रमण, गैर खातेदारों को खातेदारी अधिकार प्रदान करने, कृषि भूमि के अकृषि प्रयोजनार्थ रूपांतरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में पीएलपीसी में दर्ज प्रकरणों, पीडीआर एक्ट के अंतर्गत लंबित वसूली प्रकरणों तथा एमएसीटी से संबंधित मामलों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एडीएम ने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की गति तेज की जाए तथा प्राथमिक डिग्री और कुर्रेजात रिपोर्टों के लंबित मामलों के समाधान के लिए नियमित रूप से पटवारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएं। साथ ही पत्थरगढ़ी एवं रास्तों से जुड़े विवादों का भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (लालसोट) मनमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी दौसा संजू मीणा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं मनीषा मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिले के सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# हुकुमचंद पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर।** हुकुमचंद पब्लिक स्कूल (HPS) के नागार्जुन भवन में शैक्षणिक सत्र 2026झ27 हेतु छात्र परिषद के अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव-मनोनीत छात्र प्रतिनिधियों को विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व एवं दायित्व निर्वहन की आधिकारिक शपथ दिलाई गई।

समारोह का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनीता खुराना (प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, नसीराबाद), विशिष्ट अतिथि सूबेदार (सेवानिवृत्त) मदन सिंह रावत, श्रीमती ऊषा विजयवर्गीय (सचिव, स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ), विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती हेमलता पाठक (CBSE) एवं श्रीमती रत्ना गौड़(RBSE) द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आरोग्य और एकाग्रता का संदेश देते हुए सूर्य नमस्कार का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही, विद्यालय के स्काउट एवं गाइड दल द्वारा अनुशासित एवं लयबद्ध पीटी (Physical Training) की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने समारोह में मौजूद सभी अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. अनीता खुराना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ₹एक सच्चा नेता वही है जो स्वयं अनुशासित रहकर दूसरों को सही मार्ग दिखाए और उनमें आत्मविश्वास का संचार करे।₹

विशिष्ट अतिथि सूबेदार मदन सिंह रावत ने सैन्य अनुशासन और राष्ट्र सेवा के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में अतिथियों द्वारा नव-चयनित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं सैश (पट्टिका) पहनाकर अलंकृत किया गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

हेड बॉय( खुशवंत सिंह रावत,भगवान कुरडिया) हेड गर्ल(प्रज्ञा रावत,भावना चौधरी) स्पोर्ट्स कैप्टन(दीक्षा यादव) अनुशासन कैप्टन(आदित्य गोसाईवाल) सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी( सलोनी शेखावत)

इसके साथ ही विद्यालय के चारों हाउस शिवाजी हाउस, तिलक हाउस, अशोक हाउस, रमन हाउस के कैप्टन्स को भी उनकी जिम्मेदारियों के बैज प्रदान किए गए।

समारोह के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं में गतिविधि प्रभारी श्रीमती कविता सैन व श्रीमती श्वेता सैनी सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती हेमलता पाठक ने सभी आदरणीय अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। नव-गठित छात्र परिषद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पद के साथ बड़ी जिम्मेदारियाँ आती हैं और निष्ठा, सत्यनिष्ठा एवं सेवा भाव ही एक सफल नेतृत्व की पहचान हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का गरिमामय समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ सेवा केंद्र, बेंगलूरु द्वारा स्कूल बैग वितरण सेवा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



**चमकता राजस्थान/बेंगलूरु।** आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ सेवा केंद्र, बेंगलूरु द्वारा सेवा, साधना एवं संस्कार की भावना को साकार करते हुए सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय दासरहल्ली में 200 स्कूल बैग वितरण सेवा अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के जरुरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनमें संस्कारों का विकास करना तथा समाज में सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित मांडोत ने की। मंत्री लादूलाल बाबेल भी उपस्थित रहे। सेवा कार्य का सफल संचालन संयोजक राजेश चावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेवा केंद्र के मंत्रीमंडल, कार्यकारिणी एवं ट्रस्ट परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सेवा को मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए कहा कि एक स्कूल बैग केवल अध्ययन सामग्री रखने का साधन नहीं, बल्कि एक विद्यार्थी के सपनों, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगकर्ताओं, दानदाताओं एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी शिक्षा एवं सेवा से जुड़े ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।दासरहल्ली वार्ड के पूर्व कोरपेटर उमा नागराज , संगठन मंत्री विक्रम दुगड़, नवरतनमल गाँधी, दासरहल्ली सभा ट्रस्ट अध्यक्ष भगवतीलाल मांडोत, प्रवीण बोहरा, लोकेश बोहरा तेयुप अध्यक्ष दिलीप पीतलिया, मंत्री कल्पेश चावत, स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती भाग्य लक्ष्मी, कन्हैयालाल गाँधी, हंसमुख बाबेल, रमेश मेवाड़ा आदि उपस्थिति रहे।

#### संवाद से विकास को मिलेगी नई दिशा

### आरयूआईडीपी के पंचम चरण की 50.51 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर हितधारकों से हुआ मंथन

- परियोजना के क्रियान्वयन में आमजन को कम से कम हो असुविधा : जिला कलक्टर



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** शहरों के सतत एवं सुव्यवस्थित विकास में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पंचम चरण के अंतर्गत बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों के साथ प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तृत संवाद कर उनके सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए गए।इस अवसर पर जिला कलक्टर कमल राम मीना ने कहा कि सीवरेज परियोजना ब्यावर के भावी विकास की आधारभूत परियोजनाओं में से एक है। इसका सफल एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन आमजन के जीवन स्तर में सुधार के साथ शहर के सुनियोजित विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि आरयूआईडीपी, नगर परिषद तथा संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय, प्रभावी कार्ययोजना और जनसहयोग से ही परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान आमजन को न्यूनतम असुविधा हो, यह सभी संबंधित एजेंसियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व में विभिन्न शहरों में सीवरेज परियोजनाओं के दौरान सामने आई चुनौतियों से सीख लेते हुए ब्यावर में कार्यों का सुनियोजित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संवाद कार्यक्रम में प्राप्त सुझाव परियोजना को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार धवल ने परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पंचम चरण के अंतर्गत ब्यावर शहर में लगभग 50.51 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

#### स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने किया सम्मानित, अंगदान की शपथ लेकर दिया जनजागरूकता का सशक्त संदेश

# राजस्थान में भी मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को मिला 'बेस्ट एनजीओ' सम्मान

## दो दिन में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर दो बड़े सम्मान मिलने से अंगदान अभियान को मिली नई ऊर्जा : श्री राजीव अरोड़ा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** अंगदान के क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाने और समाज में जीवनदान की भावना को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम (टऋखउऋ) को बुधवार को राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता समारोह में 'बेस्ट एनजीओ' के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान के माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया।




इस अवसर पर मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम के चेयरमैन श्री राजीव अरोड़ा, संयोजिका श्रीमती भावना जगवानी, श्री अजय गुप्ता, श्री ठाकुर दास, श्रीमती अमला बत्रा सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम द्वारा अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में अंगदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में संस्था की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायी है। इसी अवसर पर उन्होंने स्वयं भी अंगदान की शपथ (Organ Donation Pledge) लेकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संस्था के अध्यक्ष होने के नाते श्री राजीव अरोड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर को अंगदान शपथ का प्रमाण-पत्र भेंट किया। श्री अरोड़ा के अनुसार यह अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं अंगदान का संकल्प लेकर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे प्रदेश में अंगदान के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी को नई गति मिलेगी।

श्री राजीव अरोड़ा के विचार में यह सम्मान केवल संस्था का नहीं, बल्कि उन सभी अंगदाताओं, उनके परिजनों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और समाज के उन जागरूक नागरिकों का सम्मान है, जिन्होंने इस मानवीय अभियान को जन-आंदोलन बनाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ₹एक व्यक्ति का लिया गया अंगदान का संकल्प कई लोगों को नया जीवन दे सकता है।₹ उन्होंने बताया कि यह संस्था के लिए लगातार दूसरा बड़ा सम्मान है। 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा भी मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को देश के सर्वश्रेष्ठ एनजीओ (ई२३ ठऋड) के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया था। मात्र दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मिले इन दोनों सम्मानों ने संस्था के कार्यों को नई पहचान और नई ऊर्जा प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान ने हाल ही में एक माह में 1.20 लाख से अधिक अंगदान प्रतिज्ञाओं (Organ Donation Pledges) के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नई मिसाल स्थापित की है। इस उपलब्धि में जनजागरूकता अभियानों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम की भूमिका उल्लेखनीय रही है।

समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ (आईएएस), एसएमएस मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. चित्रा, डॉ. रश्मि, रडळळड राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी तथा चिकित्सा जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

श्री राजीव अरोड़ा ने कहा कि यह सम्मान संस्था की जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। आने वाले समय में मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम प्रदेश के प्रत्येक जिले तक अंगदान जागरूकता अभियान को पहुंचाने, अधिक से अधिक लोगों को अंगदान की शपथ दिलाने तथा ₹अंगदान - महादान₹ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत आंगई-3 आंगनवाड़ी केंद्र पर माताओं को स्तनपान के महत्व एवं सही तकनीक की दी जानकारी

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ब्यूरो चीफ : रामदास तरुण।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र आंगई-3 पर विशेष स्तनपान जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सत्यवती एवं सहायिका आशा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफ की सहयोगी संस्था वात्सल्य की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राखी परमार ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिशु के जन्म के पहले घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जन्म से छह माह की आयु तक शिशु को केवल माँ का




दूध ही दिया जाना चाहिए। इस अवधि में पानी, शहद, घुट्टी अथवा अन्य किसी प्रकार का आहार देने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि छह माह की आयु पूर्ण होने के बाद शिशु को पौष्टिक ऊपरी आहार शुरू करते हुए दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, कुपोषण का खतरा कम होता है तथा उसके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को गति मिलती है। साथ ही स्तनपान माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।जागरूकता सत्र के दौरान माताओं को सही स्तनपान तकनीक, शिशु को सही स्थिति में दूध पिलाने की विधि, माँ के संतुलित एवं पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित माताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी गर्भवती एवं धात्री माताओं ने अपने शिशुओं को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू कराने तथा पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने का संकल्प लिया। साथ ही परिवार एवं समाज में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विश्व स्तनपान सप्ताह के संदेश ₹स्वस्थ माँ, स्वस्थ शिशु और स्वस्थ भविष्य₹ को जन-जन तक पहुँचाने का आ''ान किया।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सत्यवती, सहायिका आशा, यूनिसेफ की सहयोगी संस्था वात्सल्य की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राखी परमार सहित क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री माताएँ उपस्थित रहीं।

### नवनियुक्त DSO सहित अधिकारियों का राशन डीलर संघ ने किया भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान/धौलपुर ब्यूरो चीफः रामदास तरुण।** राशन डीलर संघ, धौलपुर द्वारा जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह परमार के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाले नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) विनोद कुमार जुनेजा, अधिशासी अधिकारी जगदीश प्रसाद शर्मा तथा जितेंद्र पाठक बाबूजी का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समारोह में उपस्थित राशन डीलरों ने नवपदस्थापित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस को अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और सहयोग का भरोसा दिलाया।अधिकारियों ने भी राशन डीलरों से बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र उपभोक्ताओं तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह परमार, योगेश जादौन, दीपक गर्ग, नीतू चौहान, नंदकिशोर मंगल, माखन सिंह मीणा, अजय मीणा, योगेश गौड़, योगेंद्र शर्मा, रिंकू ठेकेदार, राकेश जादौन, सोमेश्वर गुर्जर, लेखराज परिहार, मोनू तोमर, नरगिस खान सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं जिलेभर से आए राशन डीलर उपस्थित रहे।

### लक्खा हाकम में पौराणिक ग्रामीण खेल रस्सा कस्सी प्रतियोगिता सम्पन्न, लक्खा हाकम टीम बनी विजेता

चमकता राजस्थान

**श्रीगंगानगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** रायसिंहनगर सरहदी गांव लक्खा हाकम के खेल मैदान में पौराणिक ग्रामीण खेल रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगरपालिका रायसिंहनगर की पार्षद श्रीमती जींदू मान और लक्खा हाकम ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शकुंतला मारवाल ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला लक्खा हाकम और गांव 1 आरबी की टीम के बीच खेला गया।



रोमांचक और कड़े मुकाबले में लक्खा हाकम की टीम ने 1 आरबी को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 6,100 रुपये की नकद राशि और आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 4,100 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। देर रात तक चले मुकाबलों को देखने के लिए लक्खा हाकम सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में लक्ष्मण भाटी (राज्यपाल अवॉर्डी शिक्षक) ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ऐसे पौराणिक ग्रामीण खेल क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रखने और खेल मैदानों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान मणी ढिल्लों ने पंजाबी में शानदार कॉमेंट्री कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बनाए रखा। ग्रामीणों ने इस तरह के आयोजनों को सामाजिक एकता और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला बताया।

### वरिष्ठ पत्रकार अनिल लड्डा को 57 वे जन्म दिवस लोगों ने दी बधाई.




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार अनिल लड्ढा के जन्म दिवस पर शहर के साहित्यकार, पत्रकार, कवियत्री ,कवियों ने उन्हें उनके 57वे जन्म दिवस पर एक सादा समारोह में अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ,बधाई देने वालों में राजनेता, शिक्षाविद , साहित्यकार ,कवि चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने विभिन्न राज्यों के कई साहित्यकारों, कवियत्रियां ,कवियों ने उन्हें दूरभाष पर बधाई दी ,5 अगस्त 1970 को किशनगढ़ अजमेर जिले में समाजसेवी संतोष कुमार लड्ढा के यहां जन्मे अनिल लड्ढा सरलता, सोभ्यता,सहनशीलता , मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है पत्रकारिता के क्षेत्र में विगत 32 वर्षों से सक्रिय कार्यरत हैं वे राष्ट्रीय सहारा के जिला संवाददाता ,राजस्थान पत्रिका के संवाददाता के रूप में कार्य किया तत्पश्चात उन्होंने दैनिक नवज्योति अजमेर में विगत 28 वर्षों से पत्रकारिता जुड़े हुए हैं।

वे राज्य सरकार से स्वतंत्र अधिस्वीकृत पत्रकार हैं उनका उद्देश्य सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से आम जीवन की आवाज बनने का प्रयास और राष्ट्रीयता की भावना का प्रचार प्रसार करना है वर्तमान में किशनगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष हैं साहित्यिक संस्था संपर्क संस्थान के अध्यक्ष हैं वे इस साहित्यिक संस्थान द्वारा कई धार्मिक, सामाजिक, साहित्यिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन करते हैं हिंदी प्रचार प्रचार संस्थान जयपुर के सम्मानित सदस्यऔर ट्लिप टुडे के संपादक एवं संपर्क किरण के कार्यकारी संपादक के रूप में कार्य कर रहे हैं उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर अनेक पुरस्कार से नवाजा गया, जिसमें इंडो नेपाल अंतरराष्ट्रीय समरसता अवार्ड, शिखर सम्मान, किशनगढ़ रत्न सम्मान, हिंदी सेबी सम्मान एवं अजमेर जिला कलेक्टर द्वारा पत्रकारिता की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान हो चुका है इसके अलावा भी उन्हें अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है आपके द्वारा संपर्क,कृष्णगढ़ मार्बल वर्ल्ड ,महेश ज्योति, कुटुंबकम नव कृष्णगढ़, आपातकाल जैसी पुस्तकों का सफल प्रकाशन किया है।

अंत में कहूंगा कि एक साल और गुजर गया, चेहरा फिर से बदल गया, सफर की मंजिल तो वही है, बस जीने का अंदाज बदल गया जिंदगी जीने की इच्छा और बढ़ गई ,सभी हिंदी प्रेमियों कवियों, कवित्रियों ,साहित्यकारों लेखक ,पत्रकारों की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं

# आरयूआईडीपी पंचम चरण से बदलेगी डीग की शहरी तस्वीर, जनसहभागिता से गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : अतिरिक्त जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**अमर दीप सेन डीग।** अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कसवां ने कहा कि राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के पंचम चरण के अंतर्गत डीग में प्रस्तावित विकास कार्य शहर के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आरयूआईडीपी, नगर परिषद,




विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं जनसहभागिता आवश्यक है। अतिरिक्त जिला कलक्टर बुधवार को पंचायत समिति सभागार, डीग में आयोजित आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के साथ परियोजना के संबंध में विचार-विमर्श किया गया तथा सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डीग शहर के लिए स्वीकृत यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से परियोजना की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने तथा आमजन को इससे जोड़ने का आहवान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की प्रभावी योजना बनाकर कार्यों का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाए कि आमजन को न्यूनतम असुविधा हो तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सीवरेज परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डीग में कार्यों का निष्पादन बेहतर समन्वय एवं तकनीकी दक्षता के साथ किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### 6 अगस्त को विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 6 अगस्त को ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के फॉलो-अप शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा ने बताया कि गुरुवार को दौसा की बाणे का बरखेड़ा, बांदीकुई की पामाड़ी, बसवा की एछेड़ी, सिकराय की टोरडा व नांदरी, महवा की रसीदपुर, मंडावर की भेड़ाड़ी मीनान, लालसोट की बिलौना कलां, नांगल राजावतान की मलवास, रामगढ़ पचवारा की कुशलपुरा तथा सैंथल की बिशनपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

- **7 अगस्त को यहां आयोजित होंगे शिविर**

इसी तरह शुक्रवार को दौसा की सूरजपुरा, बांदीकुई की अनन्तवाड़ा, सिकराय की पीलोडी, महवा की बाड़ा बुजुर्ग, मंडावर की पुन्दरपाड़ा, लालसोट की डिडवाना, नांगल राजावतान की चूड़ियावास तथा रामगढ़ पचवारा की सलेमपुर ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### आज पाली से जयपुर प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भव्य स्वागत

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जन-जन के लाडले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ब्यावर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजयनगर बाईपास पर होटल पलासिया के बाहर माला ओर साफा पेहनाकर भव्य स्वागत किया गया , जिसमे सेवा दल से गंगा जी रावत, एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह रावत, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनीष सांखला, राजपाल गहलोत,काना सिंह,विक्की पालडिया,अंजुम काठात,चेन सिंह अफजल खान बाबरा, रियान कुरेशी,राधेश्याम पन्नू, कंकु जी, मीना देवी, नाथी देवी,कमला देवी ओर कई कार्यकर्ता मोजुद रहे।

### स्कूल छुट्टी के समय पीएम श्री महात्मा गांधी स्कूल के बाहर लगता है भारी जाम, बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर( जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** पीएम श्री महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल के बाहर छुट्टी के समय ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आती है। स्कूल के मुख्य गेट के सामने निजी वाहन खड़े होने के कारण रोजाना लंबा जाम लग जाता है, जिससे स्कूली बसों और अन्य वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि छुट्टी के समय बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे एक साथ स्कूल से बाहर निकलते हैं। इस दौरान कई बच्चे सड़क पार करने के लिए दौड़ते हैं, जबकि उसी समय बड़े वाहन भी इस मार्ग से गुजरते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

आरोप है कि ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मियों की ड्यूटी शहर के अन्य स्थानों पर लगाई जाती है, लेकिन स्कूल छुट्टी के महत्वपूर्ण समय में स्कूल गेट के पास पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जाती। यदि केवल आधे घंटे के लिए भी ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती कर दी जाए और गेट के सामने निजी वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई जाए, तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल छुट्टी के समय विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। उनका कहना है कि प्रशासन को किसी संभावित अनहोनी का इंतजार करने के बजाय समय रहते प्रभावी कदम उठाने चाहिए। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि स्कूल के बाहर ट्रैफिक नियंत्रण, नो-पार्किंग व्यवस्था और पुलिस या ट्रैफिक कर्मियों की नियमित तैनाती से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देता है।

### कालोता के गणेश मंदिर में भाजपा कुंडल मंडल की संगठनात्मक चुनाव बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** ग्राम कालोता स्थित गणेश मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत कुण्डल मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मण्डल प्रभारी चतर सिंह रत्नावत के मार्गदर्शन एवं भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, संगठनात्मक चुनाव की तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में मंडल महामंत्री सुगन मीणा, उदयभान गुर्जर, मंडल मंत्री अनिल सैनी, चंपालाल मीणा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, बूथ अध्यक्ष धनपाल गुर्जर, विष्णु शर्मा, सौदान गुर्जर, रामअवतार तिवारी, सीताराम गुर्जर, सुरेशचंद सैन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामफूल मीणा, कमलेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया। 'संगठन ही शक्ति है, संगठन ही सफलता का आधार है' के संदेश के साथ बैठक का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# साइबर अपराधों पर लगाम के लिए बैंक अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक

## म्यूल खातों की पहचान, संदिग्ध लेन-देन पर निगरानी और ग्राहकों को जागरूक करने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (आईपीएस) के निर्देशन में पुलिस कार्यालय दौसा में साइबर अपराधों एवं म्यूल खातों (ट४'ी अूङ्क४ल्ल३२) की रोकथाम को लेकर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य डिजिटल वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करना तथा पुलिस और बैंकिंग संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इसी क्रम में जिले के सभी वृत्ताधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल स्तर पर भी बैठकें आयोजित कीं।



बैठक को संबोधित करते हुए एसपी पीयूष दीक्षित ने कहा कि साइबर अपराधी आमजन के बैंक खातों का दुरुपयोग कर अवैध धनराशि का लेन-देन कर रहे हैं। ऐसे म्यूल खातों की समय रहते पहचान कर उन्हें तत्काल फ्रीज करना तथा संबंधित सूचना पुलिस को उपलब्ध कराना साइबर अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को संदिग्ध खातों, असामान्य वित्तीय लेन-देन, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खोले गए खातों तथा संदिग्ध ग्राहकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर ठगों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों, जैसे डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाएं, शेयर ट्रेडिंग एवं टास्क फ्रॉड, फर्जी कस्टमर केयर, केवाईसी अपडेट, लोन अप्रूवल, बिजली बिल, सोशल मीडिया लिंक तथा व्हाट्सएप-टेलीग्राम संदेशों के माध्यम से होने वाली ठगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक बैंक ग्राहक को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, इंटरनेट बैंकिंग, यूजर आईडी, पासवर्ड, यूपीआई पिन या ओटीपी साझा नहीं करने के लिए प्रेरित करें।

बैठक के दौरान सभी बैंक शाखाओं में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर सुरक्षा संबंधी पोस्टर एवं पंपलेट प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए।

### बालोतरा पुलिस का जनजागरूकता अभियान:

# साइबर फ्रॉड से बचाव, महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

चमकता राजस्थान

**बालोतरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बालोतरा पुलिस की ओर से जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजन को साइबर अपराध एवं डिजिटल फ्रॉड से बचाव, छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा तथा विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा राजेश कुमार कावट आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देशानुसार अगस्त माह में जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।



- **छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण**

विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की गईं। छात्राओं को महिला सुरक्षा कानून, आपातकालीन हेल्पलाइन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, गुड टच-बैड टच और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के व्यवहारिक उपाय बताए गए। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने जनजाति बालिका छात्रावास आश्रम, बालोतरा में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया।

- **साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता**

4 अगस्त को जिले के सभी पुलिस थानों की ओर से बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थानों, ग्राम पंचायत भवनों और सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने लोगों को फर्जी लिंक, फर्जी ङउ, डळढ, बैंक खाते की जानकारी और पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही डिजिटल भुगतान में सावधानी बरतने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करने की जानकारी दी गई।

### कोलर में शहीद रमेश पंवार की प्रतिमा का अनावरण

- **देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव**
- **हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि;**

**चमकता राजस्थान/घेनड़ी /खिंवाड़ा (विकास शर्मा)।** निकतवर्ती कस्बे के गांव कोलर (देसूरी तहसील के कोलर गांव ) में मंगलवार को अमर शहीद सीआरपीएफ कमांडो रमेश पंवार की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित हुआ । सामाजिक कार्यकर्त्ता अशोक कड़ेला निम्बाड़ा ने बताया कि मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा ध्वजारोहण के बाद शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा का अनावरण होते ही पूरा परिसर ₹भारत माता की जय₹, ₹वंदे मातरम₹ और ₹शहीद रमेश पंवार अमर रहें₹ के नारों से गूंज उठा। समारोह में क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों लोगों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।



समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब मंच पर शहीद की माता, धर्मपत्नी और उनके नन्हे बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर उनका सम्मान किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति और गर्व की भावना से ओत-प्रोत रहा।

मुख्य अतिथि विधायक केसाराम चौधरी ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि शहीद रमेश पंवार का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विधायक ने बताया कि स्मारक निर्माण के लिए पूर्व में विधायक कोष से 10 लाख रुपये की घोषणा की जा चुकी है। साथ ही उन्होंने स्मारक परिसर की चारदीवारी निर्माण, सौंदर्यकरण एवं भविष्य में आवश्यक विकास कार्यों के लिए भी हरसंभव आर्थिक सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने स्मारक परिसर में पौधरोपण भी किया।

### जनता कॉलोनी में रसोई गैस रिसाव से मकान में लगी भीषण आग, सिलेंडर भभका

**चमकता राजस्थान/ मोहम्मद इरफान अंसारी / अजमेर।** अजमेर। शहर के जनता कॉलोनी इलाके में बुधवार को एक मकान में रसोई गैस रिसाव के कारण अचानक भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त रसोई गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ भभक उठा, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि समय रहते आसपास के लोगों को भनक लग गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा जनता कॉलोनी स्थित जगदीश प्रसाद के मकान में हुआ। बताया जा रहा है कि कमरे में लगे सिलेंडर का गैस पाइप खराब (क्षतिग्रस्त) था, जिसके कारण धीरे-धीरे गैस का रिसाव हो रहा था। अचानक आग की चपेट में आते ही सिलेंडर भभक गया और देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

धुआं और लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत तत्परता दिखाई और घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग तथा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाडी तुरंत मौके पर पहुंचीं और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

घटना की सूचना पर भगवानगंज चौकी प्रभारी गिरधारी लाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। आग इतनी भीषण थी कि कमरे में रखा तमाम घरेलू सामान, कपड़े और दस्तावेज पूरी तरह जलकर खाक हो गए। पुलिस के अनुसार हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या कोई झुलसा नहीं है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा हुए आर्थिक नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### स्वर्गीय विठाबाई पुर्णेकर की पुण्यतिथि पर विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन

**जरूरतमंदों को निःशुल्क ऑर्थोपेडिक उपकरण, चश्मे, सहारा छड़ी तथा विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री वितरित**



चमकता राजस्थान

अरविंद कोठारी/ठाणे। जय गणेश मित्र मंडल एवं स्वर्गीय यशवंत रामचंद्र पुर्णेकर मेमोरियल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय विठाबाई (आई) यशवंत पुर्णेकर की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क ऑर्थोपेडिक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही ऑर्थोपेडिक लाइब्रेरी सेवा, वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहारा छड़ी, 250 जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चश्मों का वितरण तथा स्कूली विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री (नाश्ता) वितरित की गई। इन समाजसेवी कार्यक्रमों को नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग और प्रतिसाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य अतिथियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आयोजकों ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस समाजसेवी पहल का संयोजन पूर्व नगरसेवक श्री प्रदीप यशवंत पुर्णेकर तथा श्री जयनाथ यशवंत पुर्णेकर ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रमुख श्री संजय जाधव, शाखा प्रमुख बबन घोडके, समाजसेवक श्रीराम गणेश यादव, केदारनाथ भारती, संदीप आगवणे, दिनेश वाघे, तेजस वानखडे, विलास पाटील, दत्ता साळवी, शांताराम चौधरी, रमेश गुप्ता, तुळशीराम तेली, मंदार घोडके, आयुष घोडकेर, संदीप तिवारी, यश मनोरे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने ₹समाज की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है₹ का संदेश देते हुए ऐसे समाजोपयोगी कार्यों की परंपरा को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### डग विधानसभा को विकास की ऐतिहासिक सौगात

- **19.07 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण और मरम्मत को मिली मंजूरी**
- **विधायक कालूराम मेघवाल के प्रयासों से बजट 2026-27 में 19 सड़कें स्वीकृत**

**चमकता राजस्थान/डग-5अगस्त(कुन्दन व्यास)।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2026-27 के अंतर्गत डग विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है।क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल के सतत प्रयासों से क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।



कुल 19.07 करोड़ की स्वीकृति

- **जारी स्वीकृति के अनुसार क्षेत्र में निम्न सड़क कार्य कराए जाएंगे:**

1. डग से उमरिया इंडस्ट्रियल एरिया तक 10 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 10 करोड़
2. 12 नॉन-पेचेबल सड़कों के निर्माण एवं विशेष मरम्मत कार्य हेतु 749.33 लाख
3. 06 मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण हेतु 558.00 लाख

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का आवागमन सुगम होगा। किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में सुविधा मिलेगी,विद्यार्थियों और आमजन को बेहतर सड़कें उपलब्ध होंगी।साथ ही व्यापार,उद्योग एवं रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

विधायक मेघवाल ने कहा कि ''डग विधानसभा के प्रत्येक गांव तक विकास की किरण पहुंचाना हमारा संकल्प है। जनता के विश्वास और सहयोग से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।''

क्षेत्रीय विधायक कालुराम मेघवाल ने इन स्वीकृतियों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, उपमुख्यमंत्री एवं ढहऊमंत्री श्रीमती दिया कुमारी तथा सांसद दुष्यंत सिंह के प्रति डग क्षेत्र की जनता की ओर से आभार एवं व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने नवप्रसूता पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला, दादा भी घायल

● नवजात की मौत के बाद पीहर में रह रही विवाहिता पर घर में घुसकर हमला, नाकाबंदी कर आरोपी पति गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/मण्डावर (दौसा)।** थाना क्षेत्र के गांव नांगल जटवाड़ा में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नवजात शिशु की मौत के बाद पीहर में रह रही एक नवप्रसूता विवाहिता पर उसके पति ने घर में घुसकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए विवाहिता के वृद्ध दादा को भी आरोपी ने घायल कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल नाकाबंदी कर आरोपी को रसीदपुर पुलिस चौकी के पास पकड़ लिया। घायल विवाहिता के चाचा समयसिंह प्रजापत ने बताया कि उनकी भतीजी कविता की करीब दो वर्ष पूर्व टोडाभीम निवासी विष्णु प्रजापत से शादी हुई थी। गर्भावस्था के दौरान कथित प्रताड़ना के कारण वह पीहर में रह रही थी। कुछ दिन पहले उसने महवा जिला अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया, लेकिन नवजात की तबीयत बिगड़ने पर उसे जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद कविता अपने परिजनों के साथ नांगल जटवाड़ा लौट आई।

### निकाय एवं पंचायती चुनाव को लेकर ओबीसी जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**चमकता राजस्थान/जुनेद पत्रकार/डीग।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार ओबीसी जिला कांग्रेस कमेटी, डीग की बैठक जिला अध्यक्ष महावीर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी निकाय एवं पंचायत राज चुनावों की तैयारियों, संगठन की मजबूती तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी रामप्रकाश गुर्जर ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा चुनावों में कांग्रेस की नीतियों और जनहितकारी विचारों को आमजन तक पहुँचाने का आ''ान किया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में संजीव चौधरी, कमल सिंह गुर्जर, संगठन महासचिव गजराज सिंह, कामां ब्लॉक अध्यक्ष, पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष भुट्टू ख़ान, आसर शहज़ाद, जिला महासचिव आरिफ़ ख़ान, जिला सचिव फ़ैयाज़ ख़ान, एनएसयूआई जिला महासचिव मुरसलीम अली, शाहरुख़ ख़ान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

### सावन की पावन बेला में मधुश्रावणी पर्व



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सावन के पवित्र माह में मिथिला - बिहारी समाज की नवविवाहिताओं के लिए मनाया जाने वाला मधुश्रावणी पर्व लोक आस्था, प्रेम, प्रकृति और पारंपरिक संस्कृति का अनूठा संगम है। यह पर्व नवविवाहिताओं के लिए विशेष महत्व रखता है, जिसमें वे अपने दांपत्य जीवन की सुख-शांति, समृद्धि, प्रेम एवं अखंड सौभाग्य की मंगलकामना करती हैं।

इसी पावन अवसर पर अब तक के स्वर्गीय गुरुजी श्री रविन्द्र जी झा एवं उनके सुपुत्र हमारे बचपन के परम मित्र श्री संतोष जी (सुरेंद्र झा) के परिवार की बेटी अदिति द्वारा परिवार सहित पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ मधुश्रावणी पर्व की पूजा-अर्चना सीता राम मंदिर (नगरपालिका परिसर के पीछे स्थित) की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फूलों एवं प्राकृतिक सामग्री से सुंदर फूलों की सजावट की गई। पंद्रह दिन तक चलने वाले मधुश्रावणी पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रेम, प्रकृति, लोकपरंपरा और पारिवारिक संस्कारों का सुंदर उत्सव है। इस दौरान नवविवाहिताएँ श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना करती हैं तथा लोकगीतों और पारंपरिक कथाओं के माध्यम से इस प्राचीन परंपरा को जीवंत बनाए रखती हैं।

### 14 अगस्त को उट का अनूपगढ़ दौरा सम्भावित, तैयारियां तेज



**चमकता राजस्थान/अनूपगढ़ (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 14 अगस्त को भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र अनूपगढ़ के दौरे की संभावना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सीमा क्षेत्र स्थित बीओपी (बॉर्डर आउट पोस्ट) का निरीक्षण कर सकते हैं। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुन सकते हैं। साथ ही भारत-पाक सीमा पार से होने वाली तस्करी की रोकथाम को लेकर बीएसएफ, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव भी अनूपगढ़ पहुंच चुके हैं और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री के इस प्रस्तावित दौरे को लेकर अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। यदि दौरा तय होता है तो स्वतंत्रता दिवस से पूर्व मुख्यमंत्री का यह दौरा सीमा सुरक्षा, तस्करी पर नियंत्रण और बॉर्डर क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति,

# राजस्थान में 2101 करोड़ से बनेंगी 3232 सड़कें, 6418 किमी सड़क नेटवर्क होगा मजबूत

● हर गांव, कस्बे और शहर तक गुणवत्तापूर्ण सड़क पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता:- दिया कुमारी

## जयपुर ग्रामीण के 17 विधानसभा क्षेत्रों में 185.24 करोड़ से बनेंगी 269 सड़कें





चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी), 5 अगस्त। प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में बजट घोषणा 2026-27 की क्रियान्विति के तहत 187 विधानसभा क्षेत्रों में 3232 मिसिंग लिंक एवं नॉन-पेचेबल सड़कों के निर्माण के लिए 2101.16 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग इन सड़कों के माध्यम से करीब 6418.43 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित करेगा।उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश के हर गांव, कस्बे और शहर को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम सड़क संपर्क से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कमजोर सड़क संपर्क वाले क्षेत्रों में मिसिंग लिंक और नॉन-पेचेबल सड़कों का निर्माण आवागमन आसान करने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं विकास को नई गति देगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क नेटवर्क का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।स्वीकृत कार्यों में जयपुर ग्रामीण के 17 विधानसभा क्षेत्रों में 185.24 करोड़ रुपये की लागत से 379 किलोमीटर लंबी 269 सड़कों का निर्माण शामिल है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों तक पहुंच अधिक सुगम होगी।

# अंगदान जनआंदोलन बनेगा, राजस्थान में जागरूकता अभियान को मिलेगा नया विस्तार

## चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने लिया अंगदान का संकल्प, 'जुग-जुग जियो अभियान' से प्रदेशभर में होगा जनजागरण

चमकता राजस्थान





**जयपुर! (खलील कुरैशी)** । राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने अंगदान का संकल्प लेते हुए कहा कि ₹अंगदान जीवनदान है₹ और एक व्यक्ति के अंगदान से 8-9 लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने समाज से अंगदान के प्रति फैली भ्रांतियां दूर कर इसे जनआंदोलन बनाने का आ''ान किया।उन्होंने बताया कि देश में 5 लाख से अधिक आधार सत्यापित अंगदान प्रतिज्ञाओं में राजस्थान के 1.41 लाख से अधिक नागरिकों का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात में अंगदान जागरूकता पर बल दे चुके हैं। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान यूनिट स्थापित की गई है तथा 181 हेल्पलाइन, राज्य स्वास्थ्य विभाग एवं NOTTO पोर्टल के माध्यम से नागरिक अंगदान का संकल्प ले सकते हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अंग प्रत्यारोपण की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध है।प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'जुग-जुग जियो अभियान' के माध्यम से वर्षभर अंगदान जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। राजस्थान ने डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञाओं में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2015 से अब तक प्रदेश में 85 मृतक अंगदाताओं के माध्यम से 296 अंग एवं ऊतकों का सफल प्रत्यारोपण किया जा चुका है। वर्तमान में राज्य में 17 अंग प्रत्यारोपण केंद्र एवं 4 नॉन-ट्रांसप्लांट ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर संचालित हैं।समारोह में अंगदान संकल्प अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह को प्रथम, झुंझुनूं जिला कलेक्टर अरुण गर्ग को द्वितीय तथा जयपुर को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही 12 अंगदाता परिवारों, 10 ट्रांसप्लांट एथलीट्स, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों, ट्रांसप्लांट समन्वयकों एवं स्वयंसेवी संगठनों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबूलाल गोयल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, सोटो की संयुक्त निदेशक डॉ. चित्रा सिंह सहित वरिष्ठ चिकित्सक, अधिकारी, अंगदाता परिवार, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चालीसवें मोहर्रम पर ताला में निकला अकीदतमंदों का विशाल जुलूस: मैदान-ए-कर्बला में ताजिया सुपुर्द-ए-खाक

● अखाड़ा उस्तादों के हैरतअंगेज करतब रहे आकर्षण का केंद्र,

● जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान/ताला। (खलील कुरैशी)** ताला कस्बे में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की याद में चालीसवें मोहर्रम का पारंपरिक जुलूस श्रद्धा, अकीदत और भाईचारे के वातावरण में निकाला गया। सुबह शेखावाड़ा इमाम चौक से मातमी धुनों एवं ₹या हुसैन₹ के नारों के साथ प्रारंभ हुआ जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए पिरपुरा इमाम चौक पहुंचा, जहां अखाड़ा उस्तादों ने लाठी एवं पारंपरिक युद्धक कलाओं के शानदार करतब प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद जुलूस ताला जोड़ा स्थित मैदान-ए-कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।पूरे मार्ग में मुस्लिम समाज की ओर से शर्बत एवं लंगर का वितरण किया गया। पूर्व सरपंच फखरूद्दीन खान शेख, पूर्व सरपंच अनु खान शेख तथा ग्राम पंचायत ताला के प्रशासक आमिर खान शेख ने बताया कि चालीसवें मोहर्रम पर यह मन्नत का पारंपरिक जुलूस प्रतिवर्ष निकाला जाता है।आयोजन में ग्राम पंचायत प्रशासक आमिर खान शेख, पूर्व सरपंच फखरूद्दीन शेख, पूर्व सरपंच अनु खान शेख, सीएलजी सदस्य अल्ताफ खान, पप्पू खान शेख, अब्दुल इस्लाम, अलादीन खान, सराज खान शेख, हाजी ईशाक खान, इस्माइल खान झेड़ू, बसीर खान सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।एसपी हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामचालीसवें मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। जमवारामगढ़ डिप्टी रामकिशन बिश्नोई के नेतृत्व में रायसर थानाधिकारी राजपाल सिंह, ताला चौकी प्रभारी शिवकरण गुर्जर, एएसआई करण सिंह सहित स्थानीय पुलिस जाप्ता एवं आरएसी का अतिरिक्त बल पूरे जुलूस मार्ग पर तैनात रहा। पुलिस की सतर्क निगरानी और प्रभावी प्रबंधन के चलते धार्मिक आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## दौसा जिले को सड़क विकास की बड़ी सौगात, 58.39 करोड़ रुपये से बनेंगी 110 सड़कें

चमकता राजस्थान

रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 की बजट घोषणाओं के तहत सड़क संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दौसा जिले को बड़ी सौगात दी है। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 58.39 करोड़ रुपये की लागत से 110 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों की कुल लंबाई 218.92 किलोमीटर होगी, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगा।

उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर 2101.16 करोड़ रुपये की लागत से 3232 मिसिंग लिंक एवं नॉन-पैचेबल सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत दौसा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 58.39 करोड़ रुपये की लागत से 218.92 किलोमीटर लंबाई की 110 सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत लंबे समय से सड़क संपर्क से वंचित या जर्जर मार्गों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के हर गांव, कस्बे और शहर को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क से लोगों की आवाजाही आसान होगी, विकास को गति मिलेगी और आमजन को सीधा लाभ पहुंचेगा।

● **दौसा जिले में विधानसभावार स्वीकृत सड़कें**

महवा विधानसभा - 30 सड़कें, 49.50 किलोमीटर, लागत 12.10 करोड़ रुपये।
लालसोट विधानसभा - 22 सड़कें, 47.50 किलोमीटर, लागत 11.45 करोड़ रुपये।
दौसा विधानसभा - 20 सड़कें, 37.80 किलोमीटर, लागत 11.05 करोड़ रुपये।
बांदीकुई विधानसभा - 19 सड़कें, 38.96 किलोमीटर, लागत 11.68 करोड़ रुपये।
सिकराय विधानसभा - 19 सड़कें, 45.16 किलोमीटर, लागत 12.11 करोड़ रुपये।

# पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव-2026: जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने तैयारियों की समीक्षा, समयबद्ध एवं निष्पक्ष निर्वाचन के दिए निर्देश

## समस्त निर्वाचन प्रकोष्ठों की बैठक में तैयारियों का लिया जायजा, आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना और बेहतर समन्वय पर दिया जोर

● निर्वाचन कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं पूर्ण जिम्मेदारी से संपादित करने के निर्देश, लापरवाही पर सख्त चेतावनी



चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़!** चित्तौड़गढ़ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में पंचायत राज आम चुनाव-2026 एवं नगर निकाय चुनाव-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए समस्त निर्वाचन प्रकोष्ठों की बैठक ली। बैठक में प्रत्येक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारियों, अब तक की तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।डॉ. मंजू ने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता, निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने सभी प्रकोष्ठों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़ ने पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव-2026 की तैयारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों की जिम्मेदारियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (रावतभाटा) राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, राजस्व अपील अधिकारी सुरेश चंद्र खटीक, यूआईटी सचिव कैलाश चंद्र गुर्जर, उपखंड अधिकारी अंशुल अमेरिया सहित समस्त निर्वाचन प्रकोष्ठों के प्रभारी, अतिरिक्त प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य संदेश यह रहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्ययोजना और आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफल बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के कुशल प्रबंधन, प्रभावी निर्देशन और सतत मॉनिटरिंग में स्टेट साइबर क्राइम थाना की बड़ी सफलता,

# कंबोडिया-म्यांमार के साइबर स्कैम सेंटरों में भारतीय युवाओं को बंधक बनाकर ठगी करवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़: कुल गिरफ्तारियां बढ़कर हुई आठ

## डिजिटल साक्ष्यों से खुल रही अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी और साइबर फ्रॉड नेटवर्क की परतें

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजस्थान पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी, मानव तस्करी और साइबर ठगी के संगठित नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। यह कार्रवाई महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा के कुशल प्रबंधन, सशक्त निर्देशन और साइबर अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत संचालित विशेष अभियान का महत्वपूर्ण परिणाम मानी जा रही है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्4ब्ड) से प्राप्त इनपुट, तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर स्टेट साइबर क्राइम थाना लगातार इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की परतें खोल रहा है।



फिरोज काठात उर्फ माफिया



कानू सिंह उर्फ पायथन



आरिफ काठात उर्फ दीपू

### आमजन के लिए पुलिस की एडवाइजरी

राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से विदेशी नौकरी के प्रस्ताव स्वीकार करने से पहले एजेंसी और कंपनी का सत्यापन करने, अपने पासपोर्ट एवं पहचान दस्तावेज किसी अनजान व्यक्ति को न सौंपने, सोशल मीडिया पर निवेश या क्रिप्टो के झांसे से बचने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या ऐप को डाउनलोड नहीं करने की अपील की है। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या www.cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।यह कार्रवाई एसपी साइबर क्राइम सुमित मेहरड़ा के सुपरविजन तथा डीएसपी/थानाधिकारी गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में की गई। अभियान में प्रोबेशनर आरपीएस मनीष शर्मा, पुलिस निरीक्षक दामोदर, एएसआई कमल किशोर, हेड कांस्टेबल प्रदीप तथा कांस्टेबल किशन, विजय सिंह, महेंद्र और बृजमोहन सहित स्टेट साइबर क्राइम थाना जयपुर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर अपराध, मानव तस्करी और अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी नेटवर्क के विरुद्ध चलाया जा रहा यह अभियान न केवल अपराधियों पर प्रभावी प्रहार है, बल्कि युवाओं को साइबर अपराध के जाल से सुरक्षित रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल माना जा रहा है।

### विदेशी नौकरी का झांसा, फिर साइबर गुलामी

जांच में सामने आया कि गिरोह राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के युवाओं को 800 से 1000 अमेरिकी डॉलर प्रतिमाह वेतन और आकर्षक विदेशी नौकरी का लालच देकर कंबोडिया, म्यांमार, वियतनाम, लाओस और थाईलैंड भेजता था। वहां पहुंचने के बाद उनके पासपोर्ट और पहचान दस्तावेज कब्जे में लेकर उन्हें साइबर स्कैम सेंटरों में बंधक बना दिया जाता था तथा डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, क्रिप्टो फ्रॉड और जॉब स्कैम जैसी ऑनलाइन ठगी करने के लिए मजबूर किया जाता था।

### तीन नए आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में आरिफ काठात उर्फ दीपू, कानू सिंह उर्फ पायथन और फिरोज काठात उर्फ माफिया शामिल हैं।फिरोज काठात उर्फ माफिया कंबोडिया में महिला बनकर सोशल मीडिया पर भारतीयों को फंसाने और फर्जी क्रिप्टो योजनाओं के जरिए ठगी करने के लिए प्रशिक्षित था तथा म्यूल अकाउंट और फर्जी प्रोफाइल संचालित करता था।कानू सिंह उर्फ पायथन होटल में नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया पहुंचा और बाद में स्वयं साइबर ठगी करने के साथ चार अन्य भारतीय युवाओं को भी स्कैम कंपाउंड तक पहुंचाया।आरिफ काठात उर्फ दीपू फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर निवेशकों को नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर फंसाता और क्रिप्टो निवेश व प्रोसेसिंग फीस के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करता था।

### डिजिटल साक्ष्यों से खुल रहे बड़े खुलासे

पूर्व में कोलकाता से गिरफ्तार आरोपियों जीतूराज उर्फ जेम्स, रवि उर्फ माही और अनिल उर्फ डेविल से पूछताछ तथा उनके मोबाइल, पासपोर्ट, व्हाट्सएप चैट, वीपीएन, विदेशी संपर्कों और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण से इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस अब मानव तस्करी, साइबर स्लेवरी और करोड़ों रुपये के साइबर फ्रॉड से जुड़े वित्तीय नेटवर्क की भी गहन जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्पित अवकाश भुगतान प्रक्रिया शुरू, प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक ने सरकार का जताया आभार

- **तीन माह के सतत संघर्ष के बाद मिली सफलता, कर्मचारियों में खुशी की लहर**

**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (जलदाय विभाग) के कर्मचारियों के समर्पित अवकाश (र४१श्लींि छींप) भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ होने पर प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है। संगठन ने इसे कर्मचारियों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक निर्णय बताया है।यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने कहा कि संगठन पिछले तीन माह से समर्पित अवकाश भुगतान की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा था। कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन ने निरंतर ज्ञापन सौंपे, विभागीय अधिकारियों से कई दौर की वार्ताएं कीं तथा विभिन्न स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप सरकार ने भुगतान प्रक्रिया प्रारम्भ करने का निर्णय लिया।कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा एवं जयपुर जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी ने बताया कि यूनियन द्वारा किए गए लगातार प्रयासों, ज्ञापनों, धरना-प्रदर्शनों और सकारात्मक संवाद का ही परिणाम है कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण मांग पर कार्रवाई शुरू की है। इस निर्णय से प्रदेशभर के जलदाय विभाग के कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।यूनियन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विभागीय अधिकारियों एवं राज्य सरकार का कर्मचारियों की भावना का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेने पर हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार भविष्य में भी कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों के समाधान के लिए इसी प्रकार संवेदनशील एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए प्रभावी निर्णय लेती रहेगी।

### भ्रष्ट सरपंच केवलचन्द की कहानी, ग्रामीणो की जुबानी।

- **लाखों रुपए श्मशान पर खर्च, श्मशान भी नहीं छोड़ा भ्रष्टाचार नं. 1**



**चमकता राजस्थान/ झालावाड़।** झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र वैसे तो राज्य की पुर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का गृह क्षेत्र है, लेकिन जमीन पर भ्रष्टाचार का साम्राज्य है। झालावाड़ में पंचायती राज विभाग में खुली लुट मची हुई है। कांग्रेस भाजपा दोनों खामोशी धारण कर भ्रष्टाचार का खुला नाच देख रहे। मामला है ग्राम पंचायत सालरिया का जहां का सरपंच केवलचन्द गुर्जर अपनी ईमानदारी के गीत गाते नहीं थकता है। लेकिन जांच हो तो विगत सात सालों में ग्राम पंचायत में लाखों रुपए का घोटाला स्वयं ग्रामिण बता रहे हैं। ग्रामिणो ने रोष व्याप्त करते हुए बताया की पंचायत के गांव कालाकोट में श्मशान विकास कार्य काला कोट निर्माण के नाम पर जनरल योजना से आठ लाख रुपए का भुगतान उठाया है, जबकि गांव वालों का कहना शमशान तो पहले से बना हुआ है था मुश्किल दो लाख रुपए व्यय किए होंगे। मतलब साफ श्मशान निर्माण के नाम पर आठ लाख रुपए का गबन किया है। जिसकी जांच होकर वसुली होना आवश्यक है। छः लाख रुपए का भ्रष्टाचार कर जब पेट नहीं भराया तो फिर उसी श्मशान में चार दिवारी निर्माण के नाम पर जनरल योजना से पांच लाख रुपए का और भुगतान उठा लिया गया। एक ही श्मशान में बडा घोटाला कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया है।

## आरयूआईडीपी फेज-5: जयपुर के विकास पर 2233 करोड़ का बड़ा निवेश

### जिला कलक्टर संदेश नायक बोले— ट्रीटेड वाटर के रियूज से घटेगा भूजल दोहन, जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर होगी परियोजना और प्रभावी

चमकता राजस्थान

- **'आरयूआईडीपी संवाद' में सीवरेज अपग्रेडेशन, एसटीपी निर्माण, कूकस-अचरोल को शामिल करने सहित स्थानीय आवश्यकताओं पर हुआ मंथन**
- **आरयूआईडीपी, नगर निगम और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय परियोजना की सफलता के खातिर आवश्यक :- विधायक रफीक खान**



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 5 अगस्त।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण में जयपुर शहर के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर 2233 करोड़ का निवेश किया जाएगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स ने भाग लेकर परियोजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।कार्यक्रम में जिला कलक्टर संदेश नायक ने परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पांचवें चरण में ट्रीटेड वाटर के पुनः उपयोग (रीयूज) को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे भूजल दोहन में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि परियोजना का क्रियान्वयन जनसुविधा को ध्यान में रखकर किया जाए ताकि लोगों को न्यूनतम असुविधा हो और विकास कार्यों का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचे। उन्होंने संवाद कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों को परियोजना के लिए उपयोगी बताते हुए उन्हें समुचित महत्व देने की बात कही।आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने जलमहल एवं कानोता बांध में पहुंच रहे दूषित जल के शोधन हेतु पर्याप्त क्षमता वाले सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) स्थापित करने तथा शहर की पुरानी सीवर लाइनों के उन्नयन को परियोजना में शामिल करने की मांग रखी। उन्होंने आरयूआईडीपी, नगर निगम और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय को भी परियोजना की सफलता के लिए आवश्यक बताया वहीं आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने तेजी से शहरीकरण वाले अचरोल और कूकस क्षेत्रों को भी आरयूआईडीपी फेज-5 में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही। वक्ताओं ने आरयूआईडीपी एवं स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय को परियोजना के सफल क्रियान्वयन की आधारशिला बताया उल्लेखनीय है कि आरयूआईडीपी फेज-5 के तहत प्रदेश के 84 शहरों में लगभग 9500 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इन्हीं परियोजनाओं पर जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए 5 से 11 अगस्त 2026 तक राज्यभर में 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## आदर्शनगर थानाधिकारी छगन डांगी के नेतृत्व में चोरी के माल की खरीद- फरोख्त पर आदर्श नगर पुलिस का बड़ा प्रहार

चमकता राजस्थान

- **चोरी की बैटरी खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार, चोरी की संपत्ति बरामद**
- **सीसीटीवी जांच से पहले चोर दबोचे, अब चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में**

जयपुर। (खलील कुरैशी) थाना आदर्शनगर पुलिस ने चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी की बैटरी खरीदने के आरोपी कबाड़ी समीर कुरैशी उर्फ शाहरुख निवासी फतेहपुर सीकरी (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी खोह नागोरियान, जयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई बैटरी बरामद कर ली है। पुलिस की इस कार्रवाई को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।पुलिस के अनुसार जनता कॉलोनी, आदर्शनगर स्थित एक क्लीनिक संचालक चिकित्सक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जून 2026 को उसकी क्लीनिक के बाहर लगे जनरेटर से अज्ञात बदमाश बैटरी चोरी कर ले गए।शिकायत के बाद थाना आदर्शनगर पुलिस ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच प्रारंभ करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया।जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए नशेड़ी प्रवृत्ति के इरफान मंसूरी एवं उसके भाई आरिफ मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी जब्त किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की बैटरी कबाड़ी समीर कुरैशी उर्फ शाहरुख को बेचने की बात स्वीकार की।चोरों की गिरफ्तारी की भनक लगते ही आरोपी कबाड़ी अपना कबाड़खाना बंद कर फरार हो गया था। पुलिस ने लगातार तलाश एवं दबिश के बाद उसे गिरफ्तार कर चोरी की बैटरी बरामद कर ली।चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई आदर्शनगर पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि चोरी करने वालों के साथ-साथ चोरी का माल खरीदने, छिपाने अथवा अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध भी कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का अभियान भविष्य में भी इसी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ऐतिहासिक पहल;

## षष्ठम सत्र से पहले 18 अगस्त को सर्वदलीय बैठक

- **बोलें: सदन की गरिमा बनाए रखना सभी दलों की सामूहिक जिम्मेदारी**

चमकता राजस्थान



जयपुर।( खलील कुरैशी) सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के षष्ठम सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 18 अगस्त को प्रातः 11 बजे विधानसभा भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विधानसभा का षष्ठम सत्र 20 अगस्त से प्रारंभ होगा देवनानी ने कहा कि सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा का पवित्र मंच है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी दलों के विधायकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने, आपसी सहमति एवं समन्वय बढ़ाने तथा सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण और जनहित केंद्रित बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बैठक षष्ठम सत्र के प्रभावी संचालन, जनमहत्व के विषयों पर सार्थक चर्चा तथा संसदीय परंपराओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। विधानसभा सचिवालय ने सभी को निमंत्रण भेज दिए हैं।उल्लेखनीय है कि वासुदेव देवनानी राजस्थान के पहले विधानसभा अध्यक्ष हैं जिन्होंने विधानसभा सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाने की पहल की है। उनकी अध्यक्षता में यह सातवीं सर्वदलीय बैठक होगी। देवनानी ने कहा कि ऐसी बैठकों से विभिन्न दलों के बीच संवाद, विश्वास और सहयोग को बल मिलता है, जिससे विधानसभा जनअपेक्षाओं के अनुरूप अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख भूमिका निभाने में सक्षम होती है।

## 113 दिन बाद समाप्त हुआ 'भैराना धाम बचाओ, रीको भगाओ' आंदोलन, पुनर्नियोजन पर बनी सहमति

- **पर्यावरण, वर्षा जल संरक्षण, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा के आश्वासन के बाद संत समाज ने समाप्त किया धरना**



**चमकता राजस्थान/दूदू, 5 अगस्त (खलील कुरैशी)।** दूदू के बहुचर्चित 'भैराना धाम बचाओ, रीको भगाओ' आंदोलन का 113 दिनों बाद बुधवार को समापन हो गया। जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक की मौजूदगी में प्रशासन और भैराना धाम बचाओ समिति के बीच प्रस्तावित रीको औद्योगिक क्षेत्र के पुनर्नियोजन को लेकर सहमति बनने के बाद संत समाज ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।जिला कलेक्टर संदेश नायक ने भैराना धाम पहुंचकर संत समाज एवं समिति के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि बीचून गांव में प्रस्तावित 800 बीघा रीको औद्योगिक क्षेत्र के पुनर्नियोजन के दौरान वर्षा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक आस्था, स्थानीय रीति-रिवाजों तथा ऐतिहासिक धरोहरों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही परिक्रमा मार्ग, दादू खोल और आसपास के क्षेत्र का संरक्षण करते हुए हरित वन विकसित किए जाएंगे, जिससे प्राकृतिक एवं धार्मिक विरासत सुरक्षित रह सके।भैराना धाम के संत रामरतन दास महाराज ने कहा कि सरकार ने समिति की प्रमुख मांगों को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। प्रशासन के आश्वासन और सहमति के आधार पर लंबे समय से चल रहे धरने को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।धरना समाप्ति के अवसर पर एडीएम युगांतर शर्मा, मौजमाबाद एसडीएम बलवीर सिंह, दूदू डीएसपी अनुपम मिश्रा, थाना प्रभारी सुरेश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, समिति पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।गौरतलब है कि ₹भैराना धाम बचाओ, रीको भगाओ₹ आंदोलन क्षेत्र के सबसे चर्चित जनआंदोलनों में शामिल रहा, जिसमें संत समाज एवं स्थानीय लोगों ने प्रस्तावित रीको औद्योगिक क्षेत्र का लगातार विरोध करते हुए पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक धरोहरों की सुरक्षा की मांग प्रमुखता से उठाई। प्रशासन और समिति के बीच बनी सहमति के साथ अब इस लंबे आंदोलन का शांतिपूर्ण समापन हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उम्मेद भवन पैलेस के सामने 75 पौधों का रोपण, महाराजा गज सिंह व महारानी हेमलता राजे ने किया शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/जोधपुर/मेहराम गहलोत।** पर्यावरण संरक्षण और हरित जोधपुर के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को उम्मेद भवन पैलेस के मुख्य द्वार के सामने 75 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ महाराजा गज सिंह एवं महारानी हेमलता राजे ने पौधे लगाकर किया।
इस अवसर पर महाराजा गज सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उम्मेद भवन पैलेस एवं इससे जुड़े विभिन्न ट्रस्ट समय-समय पर पौधारोपण अभियान चलाते रहे हैं, जिससे शहर में हरियाली बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। महारानी हेमलता राजे ने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। अभियान के तहत गुलमोहर, कचनार, नीम, अमलतास, करंज एवं बोगनवेलिया सहित 75 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान उम्मेद पैलेस होटल के महाप्रबंधक अमित सिंह सहित होटल एवं हाउसहोल्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव शेफ एलंगावन शनमुगन, डायरेक्टर एफ एंड बी कपिल दीक्षित, डायरेक्टर एचआर नीतीश विलियमसन, डायरेक्टर ऑफ रूम्स गौरव समतानी, फारूक अहमद खान, कल्याण सिंह राठौड़, करण सिंह भाटी, हरि सिंह, ओमप्रकाश गेपाला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अकलेरा में स्वच्छता व्यवस्था चरमराई: नगर पालिका फिसड्डी

- जिम्मेदार अधिकारियों का नहीं है कोई ध्यान
- अधिशासी अधिकारी पुखराज मीणा नहीं मिलते ऑफिस में



**चमकता राजस्थान/अकलेरा, दिनेश शर्मा।** नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। शहर के मुख्य बाईपास रोड पर जगह-जगह फैले कचरे के ढेर और गंदगी से आमजन का जीना मुहाल हो गया है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।
प्रमुख बिंदु:
**खुले में फैला कचरा और गंदगी:** शहर के व्यस्त बाईपास रोड क्षेत्र में कचरा पात्र के बाहर और आसपास चारों तरफ भारी मात्रा में कचरा फैला हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
**आवारा पशुओं का जमावड़ा:** फैली हुई गंदगी और कचरे के ढेर के बीच मवेशी (गाय) भोजन की तलाश में बैठे और घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे सड़क पर हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।
अधिशाषी अधिकारी की उदासीनता: स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के अधिशाषी अभियंता (एड) पुखराज मीणा का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। बार-बार शिकायतों के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।
**बीमारियों का खतरा:** चिलचिलाती धूप और खुले कचरे से उठने वाली दुर्गंध व मच्छरों-मक्खियों के प्रकोप के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है।
क्षेत्रवासियों और जागरूक नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाई जाए और अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह बने अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# विश्व आदिवासी दिवस पर शेरगढ़ में भव्य रैली एवं समारोह, शिक्षा, सामाजिक एकता और विकास का दिया संदेश

चमकता राजस्थान



**शेरगढ़।** रिपोर्टर रावल सिंह शेरगढ। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को शेरगढ़ उपखंड मुख्यालय पर भील विकास समिति, शेरगढ़ के तत्वावधान में भव्य रैली एवं विशाल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे आयोजन में आदिवासी संस्कृति, सामाजिक एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।
रैली का शुभारंभ माडा बालिका छात्रावास से हुआ। रैली हिम्मतपुरा चौराहा, मल्लिनाथ सर्किल, मुख्य बाजार, पुलिस थाना, नया बस स्टैंड, बालाजी सर्किल, उपखंड कार्यालय एवं मरुधर गौशाला होते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची। यहां मुख्य अतिथि शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान की बदौलत आज देश का प्रत्येक नागरिक समानता, स्वतंत्रता और अधिकारों के साथ जीवन जी रहा है। उन्होंने समाज से बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने तथा शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से विकास की राह पर आगे बढ़ने का आ''ान किया।
इसके बाद रैली अंबेडकर सर्किल से गवारिया बस्ती एवं अंबेडकर छात्रावास होते हुए पुनः माडा बालिका छात्रावास स्थित समारोह स्थल पहुंची, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में जैसलमेर निवासी पद्मश्री सम्मानित अलगोजा वादक तगाराम भील ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने समारोह में दो नए छात्रावासों का शिलान्यास किया तथा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया।
अपने संबोधन में विधायक राठौड़ ने कहा कि भील समाज के विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शेरगढ़ क्षेत्र में 14 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने 20 नए महावाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा करते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी प्रस्तावित छात्रावासों का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, समाजहित एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामाजिक विकास में भागीदारी निभाने का आ''ान किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता एवं शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। वक्ताओं ने समाज से कुरीतियों को त्यागकर शिक्षा, संगठन और जागरूकता के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश दिया।
इस अवसर पर समाज सेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने पर आर्मी मैन घमा राम चावा एवं स्वयंसेवी टीम का सम्मान किया गया। छात्रावास निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाहों का भी अभिनंदन किया गया। ओम प्रकाश भील ने साईंदरा में दो बीघा, तगाराम भील ने शेरगढ़ में छह बीघा तथा अध्यापक लूणाराम ने राजस्व गांव भीन सागर (ग्राम पंचायत चौथगढ़) में तीन बीघा भूमि छात्रावास निर्माण के लिए दान की।

# 5 किमी कच्ची सड़क से ग्रामीण बेहाल, विधायक से लगाई राहत की गुहार

## गुड़ा गंगान-कल्याणपुरा मार्ग बारिश में बन जाता है दलदल, एंबुलेंस व स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी

चमकता राजस्थान



ब्यूरो जेके बावल। रानीपाली गुड़ा गंगान से कल्याणपुरा के बीच करीब 5 किलोमीटर लंबा कच्चा एवं ग्रेवल मार्ग बरसात के दिनों में ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से आवागमन लगभग ठप हो जाता है। क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय विधायक से इस मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर पक्का कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

- **मरीजों और विद्यार्थियों की बढ़ी मुश्किल**

ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण कई बार एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। गंभीर मरीजों को निजी वाहनों से मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों और किसानों को भी रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

- **हाईवे से जुड़ने वाला प्रमुख मार्ग, बारिश में कट जाता है संपर्क**

ग्रामीणों ने बताया कि खौड़ से कल्याणपुरा तक सड़क पक्की है, लेकिन कल्याणपुरा से गुड़ा गंगान तक करीब 5 किलोमीटर का हिस्सा अब भी कच्चा है। यह मार्ग हाईवे से जुड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। बारिश होते ही सड़क दलदल में बदल जाती है, जिससे दोपहिया, चारपहिया, ट्रैक्टर और ग्रेनाइट से भरे वाहन बीच रास्ते में फंस जाते हैं।

- **विधायक से हस्तक्षेप की मांग, जल्द निर्माण की उम्मीद**

ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे विधायक यदि इस सड़क निर्माण को प्राथमिकता दें तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। ग्रामीणों ने विधायक से मौके का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को शीघ्र सड़क स्वीकृत कराने और निर्माण शुरू करवाने की मांग की है।

## बड़ी सादड़ी अस्पताल में शुरू हुई डेंटल एक्स-रे व RVG मशीन की सुविधा

चमकता राजस्थान



**रामसिंह मीणा रघुनाथपुरा।** बड़ी सादड़ी आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक ने बड़ी सादड़ी उप जिला चिकित्सालय को अत्याधुनिक डेंटल एक्स-रे मशीन एवं प्श्ऱ्‌ मशीन की सौगात दिलाई है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करते हुए अस्पताल में इन मशीनों का शुभारंभ नगर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।
भाजपा नगर अध्यक्ष धनपाल मेहता द्वारा मंत्री दक के समक्ष यह मांग रखी गई थी कि बड़-ीसादड़ी एवं आसपास के ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को दांतों की जांच के लिए निजी क्लीनिकों या उदयपुर-चित्तौड़गढ़ जाना पड़ता है। मांग को गंभीरता से लेते हुए मंत्री दक ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों मशीनें उपलब्ध करवाईं।
अब इन अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से दांतों में कीड़ा लगना, जड़ों में संक्रमण, मसूड़ों की गंभीर समस्याएं, दांतों की अंदरूनी चोट, दांतों की टेढ़ी-मेढ़ी स्थिति, रूट कैनाल उपचार की जांच तथा जबड़े से जुड़ी कई समस्याओं का सटीक परीक्षण अस्पताल में ही संभव होगा। इससे मरीजों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।
क्षेत्र के हजारों ग्रामीण, आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा। अब उन्हें छोटी-छोटी जांच के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।
क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी पहल के लिए सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री गौतम दक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बड़ी सादड़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है।

### जनसेवा की मिसाल को मिला जनसम्मान, एएसपी जसाराम बोस की विदाई में उमड़ा जनसैलाब

- जीवन्द कलां में भव्य नागरिक अभिनंदन, प्रदेशभर से पहुंचे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शुभचिंतक



**चमकता राजस्थान/ ब्यूरो चीफ जेके बावल/रानी ।** पुलिस विभाग में वर्षों तक ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की मिसाल कायम करने वाले सिरोही के सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस के सम्मान में बुधवार को उनके पैतृक गांव जीवन्द कलां स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर प्रांगण में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि सच्ची सेवा का सम्मान हमेशा समाज करता है। जीवन्द कलां निवासी जसाराम बोस ने पुलिस विभाग में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और सहज व्यवहार से अलग पहचान बनाई। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से उनके सहयोगी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजबंधु और शुभचिंतक पहुंचे। पूरे समारोह में सम्मान और आत्मीयता का अनूठा वातावरण देखने को मिला। अतिथियों ने जसाराम बोस का साफा, शॉल, पुष्पमालाओं और स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया तथा उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस की वर्दी को ईमानदारी और जनविश्वास के साथ गौरवान्वित किया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। समारोह में चोहटन विधायक आदूराम मेघवाल, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष रवि मेघवाल, रानी उपखंड अधिकारी शिवा जोशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा, रानी थानाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन दिलीप सिंह राव ने किया। समारोह केवल विदाई नहीं, बल्कि जनसेवा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति समाज की कृतज्ञता का जीवंत उदाहरण बन गया।

### पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,डग में ₹एक पेड़ मां के नाम’ और ‘हरियालो राजस्थान’ अभियान के तहत किया पौधरोपण



**डग-5अगस्त(कुन्दन व्यास)।** पीएम श्री स्कूल डग में सघन पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प डग जिले के डग कस्बा स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राज्य सरकार के₹हरियालो राजस्थान₹तथा प्रधानमंत्री के ₹एक पेड़ मां के नाम₹ महाअभियान के तहत सघन पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान ब्ला-क शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र जैन विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं मिलकर स्कूल प्रांगण को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्रांगण और परिसर में मुख्य रूप से नीम,सहित कई फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए ।विद्यालय प्रशासन द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए न केवल परिसर में पौधारोपण किया गया,बल्कि विद्यार्थियों को घरों पर लगाने के लिए भी निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया ।पौधों के संरक्षण की दिलाई शपथ इस अवसर पर संस्था प्रधान छुट्टनलाल मीणा ने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि,₹केवल पौधा लगाना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जब तक वह एक बड़ा वृक्ष नहीं बन जाता तब तक उसकी नियमित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।₹इसके बाद कृषि प्रभारियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा करने तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने की सामूहिक शपथ दिलाई।

# बिरला व्हाइट के सीएसआर की अनूठी पहल: 13 गांवों के 97 मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों का सम्मान

चमकता राजस्थान




खारिया खंगार (जोधपुर), 5 अगस्त। ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई बिरला व्हाइट ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत बुधवार को ₹मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह₹ का भव्य आयोजन किया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 10वीं एवं 12वीं) में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 97 मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।
यह आयोजन केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के परिश्रम, संकल्प और उपलब्धियों का उत्सव बन गया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य का संदेश गूंजता रहा।
कार्यक्रम का शुभारंभ सुरभी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती कल्पना निगम, पीपाड़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह राठौड़, सुरभी महिला मंडल की कार्यकारी सदस्य स्मिता पोदार, वनाश्री चितले, मंजू कुरे एवं शिवली चंदा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता का संकल्प लिया। समारोह में खारिया खंगार, टालनपुर, गंठिया, बासनी सैजा, रतकुड़िया, पालड़ी सिद्धा, टुंकलिया, खांगटा, रजलानी, ख्वासपुरा सहित 13 गांवों के राजकीय विद्यालयों से चयनित मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और शिक्षकों के चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा था।

- **बड़े सपने देखिए, चुनौतियों को अवसर बनाइए**

मुख्य अतिथि एवं बिरला व्हाइट संयंत्र प्रमुख आलोक निगम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा के अंक सफलता की शुरुआत हैं, लेकिन जीवन में वास्तविक उपलब्धि निरंतर सीखने, अनुशासन, सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यक्ति तभी पूर्ण बनता है जब वह अपनी पांचों इन्द्रियों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करना सीखता है।
उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करने तथा जीवनभर विनम्र और संवेदनशील बने रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ‘शिक्षा केवल व्यक्तिगत सफलता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है।₹

- **ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति : तेजिंदर पाल सिंह**

वरिष्ठ अधिकारी (एचआरबीपी) तेजिंदर पाल सिंह ने विद्यार्थियों से धैर्य, आत्मसंयम और सतत अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि क्रोध व्यक्ति की सोच और निर्णय क्षमता को कमजोर करता है, जबकि ज्ञान उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बने रहने, अधिक पढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929